● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 219, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 21 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बाढ़ को लेकर सोरेन पर भड़की ममता 5



बुमराह का चौका, बांग्लादेश 149 पर ढेर 6

## मप्र उद्योगपतियों का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करता है : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास के कारवां में सरकार को उद्योगपतियों के साथ बराबरी से चलना होगा। हम उद्योगपतियों के साथ सकारात्मक और सहयोगी दृष्टिकोण से कार्य के इच्छुक हैं। मध्यप्रदेश उद्योगपतियों का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि युक्ति, बुद्धि, क्षमता, योग्यता में भारतीय विश्व में अग्रणी हैं, लेकिन उपलब्धियां अर्जित करने के लिए शासन की सकारात्मक सोच और अनुकूलता आवश्यक है। शासन के सभी अंगों में समन्वय, और सहयोगी वातावरण से ही परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। मध्यप्रदेश में सभी औद्योगिक सेक्टर के लिए पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। प्रदेश, कोयम्बटूर हो या कोलकाता, सभी क्षेत्रों के लोगों की उद्यमशीलता और सृजनशीलता को प्रदेश आमंत्रित करता है। राज्य सरकार हर संभव सहयोग और सहायता देने को तत्पर है। रेडीमेड गारमेंट, माइनिंग, ऊर्जा हो या पर्यटन का सेक्टर, सभी क्षेत्रों के मध्यम एवं भारी उद्योग प्रदेश में आमंत्रित हैं, राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां पर्याप्त लचीली और समावेशी हैं। राज्य सरकार खुले दिल से उद्योगों का स्वागत करने के लिए आतुर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर कोलकाता में आयोजित रोड-शो और उद्योगपतियों व औद्योगिक संगठनों से चर्चा के सत्र को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलकाता के होटल जे.डब्ल्यू. मैरियट में दीप प्रज्ज्वलित कर समिट का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित आर्थिक विकास के लिए राज्य के सभी अंचलों में निवेश व औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से देश के बड़े औद्योगिक नगरों में रोड-शो द्वारा उद्योगपतियों से चर्चा के क्रम में कोलकाता में सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेसीडेंट सीआईआई एवं आईटीसी समूह के अध्यक्ष व एमडी श्री संजीव पुरी, मध्यप्रदेश बिरला ग्रुप के एमडी व सीईओ श्री संदीप घोष, स्वरा हाइजीन प्रा.लि. के एमडी श्री आलोक बिरला, टाटा स्टील्स के एम.डी. श्री संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। कोलकाता समिट में खाद्य प्र-संस्करण, रसायन, सीमेंट, स्टील, प्लास्टिक और नवकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों से 19 हजार 270 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुए, जिससे 9,450 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। शुभारंभ सत्र में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विस्तार और निवेश लिए उपलब्ध अधोसंरचना, सुविधाओं व अन्य संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उद्योगपतियों और सरकार के बीच सीधे संवाद के इस महत्वपूर्ण मंच पर मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने और व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से देश-विदेश से आए लगभग 700 डेलिगेट्स और कई देशों के कांसुलेट एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था ने 11वें स्थान से छलांग लगाकर विश्व में 5वें स्थान की अर्थव्यवस्था के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरे नम्बर की अर्थ-व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं। मध्यप्रदेश भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल के उद्योगपतियों को अपनी गतिविधियों का मध्यप्रदेश में विस्तार करने के लिये का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा, क्षमता, योग्यता का उपयोग करते हुए औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए मध्यप्रदेश में उपलब्ध अवसरों को पहचानें।

## कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी : मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। वे विदेश से बैठकर एजेंडे चलाते हैं। इन्हें अब गणपति बप्पा से भी चिढ़ होने लगी है। मैंने गणेश पूजा की तो कांग्रेस बेचैन हो गई।

मोदी ने यह बातें महाराष्ट्र के वर्धा में एक रैली को संबोधित की। वे यहां पीएम विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। पीएम ने कहा- पुरानी सरकारों में कामगारों के हुनर को सम्मान नहीं मिलता था। कांग्रेस और उनके दोस्तों ने एससी/एसटी को दबाकर रखा। उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।

हमारी सरकार ने स्किल मंत्रालय बनाया। पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। एक साल में इस योजना के तहत 8 लाख लोगों को स्किल ट्रेनिंग दी गई है।



गणपति उत्सव पर पीएम मोदी ने कहा- जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। दरअसल पीएम मोदी सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजन करने गए थे। जिसका विपक्ष ने विरोध किया था।

किसानों को लेकर पीएम ने कहा- महाराष्ट्र में दशकों तक कांग्रेस और बाद में महा विकास अघाड़ी सरकार ने कपास को महाराष्ट्र के किसानों की ताकत बनाने के बजाय उन्हें बदहाली में धकेला, किसानों के नाम पर राजनीति की और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। 2014 में जब देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी तो अमरावती में टेक्सटाइल पार्क का काम शुरू हुआ। दलितों-पिछड़ों पर कांग्रेस और उसके मित्रों ने जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी व्यवस्था से कांग्रेस की इस दलित-विरोधी और पिछड़ा-विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## आज से शुरू होगी दिल्ली में आतिशी पारी

### नई मुख्यमंत्री आतिशी का शपथ ग्रहण शनिवार शाम साढे चार बजे होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी का शपथ ग्रहण शनिवार शाम साढे चार बजे होगा। आतिशी के साथ पांच कैबिनेट मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आतिशी की कैबिनेट में केजरीवाल सरकार के सभी चारों मंत्रियों को दुबारा से मंत्रीपद दिया जा रहा है। वहीं, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। कैबिनेट में अभी भी एक स्थान खाली है। पार्टी में इसके लिए मंथन चल रहा है। संभावना है कि शपथ ग्रहण से पहले इस पद के लिए नाम का भी कर दिया जाए।

दिल्ली में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। मुकेश अहलावत भी कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। दिल्ली को एक नया कैबिनेट मंत्री मिलेगा।मुकेश अहलावत सुल्तानपुरी से विधायक हैं। यह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। यह राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल छह मंत्री होते हैं। अभी पांच मंत्री शपथ लेंगे मुख्यमंत्री के साथ। एक मंत्री की जगह अभी खाली है जो आतिशी की जगह पर बनेंगे। आतिशी के नेतृत्व में बनने वाली नई सरकार में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन मंत्री होंगे। चारों मंत्री केजरीवाल कैबिनेट का भी हिस्सा रहे हैं।

## महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस पर पथराव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। नंदुरबार पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 3 बजे मालीवाड़ा इलाके में एक धार्मिक जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने जुलूस निकालने वाले लोगों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दोनों गुटों में धक्का-मुक्की के बाद पथराव होने लगा। कुछ युवकों ने एक घर में आग लगा दी। उन्होंने एलपीजी सिलेंडरों को भी जलाने की कोशिश की। कुछ वाहनों में भी आग लगाई।

## बंगाल चुनाव में हिंसा मामले पर सीबीआई को फटकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 2021 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सीबीआई की याचिका खारिज कर दी और उसे फटकार भी लगाई। दरअसल, इस हिंसा की जांच सीबीआई कर रही है। उसने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर मामलों की सुनवाई राज्य के बाहर करवाने की मांग की थी।

सीबीआई ने याचिका में कहा था कि पश्चिम बंगाल की अदालतों में शत्रुतापूर्ण माहौल है। गवाहों को डराया-धमकाया जा रहा है। इस पर जस्टिस अभय एस ओक और



जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई के वकील एएसजी एसवी राजू से कहा, आप पश्चिम बंगाल में पूरी न्यायपालिका पर सवाल खड़ा नहीं कर सकते। इसका आधार क्या है? आप ऐसा दिखा रहे हैं, जैसे पूरे पश्चिम बंगाल में शत्रुतापूर्ण माहौल है। बेंच ने कहा, सीबीआई के ऑफिसर न्यायिक अधिकारी या किसी विशेष राज्य को पसंद नहीं कर सकते हैं, लेकिन यह न कहें कि पूरी न्यायपालिका काम नहीं कर रही है। आपके आरोपों पर राज्य के डिस्ट्रिक्ट जज, सिविल जज और सेशन जज यहां आकर अपना बचाव नहीं कर सकते।

कोर्ट के सख्त रवैये के बाद ,स्त एसी राजू ने याचिका में लगाए गए आरोपों का बचाव किया। राजू ने बेंच से कहा- मेरा इरादा आरोप लगाने का नहीं है, यह ढीले-ढाले मसौदे का मामला है। इसके बाद उन्होंने केस ट्रांसफर करने की याचिका वापस ले ली।

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा- जजों का अपॉइंटमेंट पेंडिंग क्यों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जजों की नियुक्ति को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार से जवाब-तलब किया। कोर्ट ने कहा- हाईकोर्ट के जजों की नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम ने जो नाम दोबारा भेजे हैं, उन्हें अब तक मंजूरी क्यों नहीं दी गई। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- कॉलेजियम कोई सर्च कमेटी नहीं है, जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट झारखंड सरकार और एडवोकेट हर्ष विभोर सिंघल की दो अलग-अलग याचिकओं पर सुनवाई कर रही थी।

## टीडीपी का दावा-तिरुपति लड्डू में एनिमल फैट, फिश ऑयल था

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी

**अमरावती।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने का विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा, मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है। मंदिर के प्रसाद (लड्डू) की जांच कराई जाएगी।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य के सीएम नायडू की पार्टी टीडीपी ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि राज्य में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। इसके खिलाफ वाईएसआर कांग्रेस ने हाईकोर्ट से नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। कोर्ट इस पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगा।

## हाईकोर्ट जज के विवादित कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के सुनवाई के दौरान दिए 2 विवादित बयानों पर एक्शन लिया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस वेदव्यासचार श्रीशानंद की टिप्पणियों पर कर्नाटक हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को 2 हफ्ते में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

सीजेआई ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से भी मदद मांगी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कुछ बेसिक गाइडलाइन जारी की जा सकती हैं।

इधर, वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी है। डिस्क्लेमर में कहा गया है कि कोई भी कार्यवाही की रिकॉर्डिंग नहीं करेगा।

जस्टिस श्रीशानंद ने महिला वकील पर भी आपत्तिजनक कमेंट किया था जस्टिस श्रीशानंद के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। एक वीडियो में वे पश्चिमी बेंगलुरु के एक मुस्लिम इलाके को पाकिस्तान कहते दिखे। दूसरे वीडियो में वे एक महिला वकील को फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। जस्टिस श्रीशानंद ने महिला वकील से कहा कि वह दूसरे पक्ष के बारे में बहुत कुछ जानती हैं। हो सकता है अगली बार वे उसके अंडरगारमेंट का रंग भी बता दें।

यूट्यूब चैनल से वीडियो क्लिप वायरल होने के एक दिन बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपनी अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू करने से आधा घंटे पहले एक डिस्क्लेमर दिया। इसमें बिना परमिशन वीडियो रिकॉर्ड करने पर रोक लगा दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सतर्कता से आगे बढ़ना अहम : सोमनाथ

**नई दिल्ली।** हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट से भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन को स्वीकृति मिली है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि गगनयान साल के अंत तक लॉन्च के लिए तैयार है, लेकिन हमें सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने आगे कहा, कि मैं नहीं चाहता कि बोइंग स्टारलाइनर के साथ जो हुआ, वह हो, इसलिए हमें बहुत सावधान रहना चाहिए।

## जूनियर डॉक्टर सीबीआई ऑफिस तक मार्च करेंगे

### आज से ड्यूटी पर लौटेंगे, बोले- सरकार ने वादे पूरे नहीं किए तो फिर हड़ताल करेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टर्स आज कोलकाता में साल्ट लेक स्थित स्वास्थ्य भवन के बाहर 10 सितंबर से जारी धरना-प्रदर्शन खत्म कर देंगे। धरना खत्म करने से पहले वे स्वास्थ्य भवन से सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई ऑफिस तक मार्च करेंगे। जूनियर डॉक्टरों ने 19 सितंबर की देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि वे शनिवार, 21 सितंबर से काम पर लौटेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के बाद डॉक्टर्स पिछले 41 दिनों से हड़ताल पर हैं।

डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हड़ताल आंशिक रूप से जारी रहेगी। वे अभी इमरजेंसी और जरूरी सेवाएं देंगे। बाढ़ प्रभावित इलाकों में मेडिकल कैंप भी लगाएंगे। हालांकि, ओपीडी और कोल्ड ऑपरेटिंग थिएटरों के कामकाज में वे शामिल नहीं होंगे।

## बेरूत में इस्राइल के हमले में आठ की मौत, 59 घायल

**बेरुत।** पहले पेजर विस्फोट, फिर रेडियो सेट और वॉकी-टॉकी में विस्फोट के बाद इस्राइली सेना की तरफ से लगातार दूसरे दिन हिजबुल्ला पर हवाई हमला जारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस्राइली सेना ने खुद इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उसकी तरफ से बेरूत कुछ जगहों को निशाना बनाते हुए हमला किया गया है। वहीं इस हमले के बाद लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरूत के उपनगरीय इलाकों में इजरायली हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए, 59 लोग घायल हुए हैं। जबकि एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि बेरूत में इस्राइल की तरफ से किए गए हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी इब्राहिम अकील को निशाना बनाया गया था।

## यूपी के 450 गांव डूबे, बिहार में गंगा उफनाई

**नई दिल्ली।** यूपी में लगातार बारिश से 21 जिलों के 450 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, यमुना, घाघरा, शारदा, सरयू नदियां उफान पर हैं। कानपुर 2000 घर बाढ़ में डूब गए हैं। कई मकान ढह गए। 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

उधर, पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वैशाली में भी गंगा के उफान पर होने से राघोपुर दियारा की सड़कों पर बाढ़ का पानी आ गया है। हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते भारत-तिब्बत समेत 37 सड़कें बंद कर दी गई हैं।

पश्चिम बंगाल में भी कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। इसमें 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 2.5 लाख लोग प्रभावित हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा- यह केंद्र की साजिश है। यह बाढ़ केंद्र सरकार की लापरवाही का नतीजा है। यह पानी बंगाल का नहीं, बल्कि झारखंड का है। झारखंड बॉर्डर को 3 दिन बंद रखा जाएगा। यह पानी दामोदर घाटी निगम के डैम से छोड़ा गया है। डीवीसी का कंट्रोल केंद्र के हाथ में होता है। उन्होंने पूरा पानी बंगाल में छोड़ दिया।

ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेटर लिखकर बाढ़ से निपटने के लिए फंड जारी करने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 2009 के बाद राज्य में ऐसी बाढ़ आई है। डीवीसी ने मामला गंभीरता से नहीं लिया तो बंगाल सरकार डीवीसी से संबंध तोड़ देगी। बिहार के कैमूर में बाढ़, यूपी से संपर्क टूटा बिहार के कैमूर में कर्मनासा नदी उफान पर है। इससे कैमूर को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले रास्ते पर बाढ़ का पानी आ गया है। कैमूर का उत्तर प्रदेश से संपर्क टूट गया है।

## कांग्रेस ने प्रदेश भर में निकली किसान न्याय यात्रा

### सभी बड़े नेता अलग-अलग शहरों में हुए शामिल, पुलिस ने रोका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश भर में किसान न्याय यात्रा निकाली खास बात यह रही कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता इस यात्रा में अलग-अलग जिलों में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और एक्स सीएम दिग्विजय सिंह इंदौर में यात्रा का नेतृत्व किया। वहीं कमलनाथ और नकुलनाथ ने छिंदवाड़ा से यात्रा को हरी झंडी दिखाई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने धार में शामिल हुए। भोपाल में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह यात्रा में शामिल हुए। इसी प्रकार कांग्रेस की सभी दिग्गज नेता अलग-अलग जिलों में ट्रैक्टर में बैठकर यात्रा में शामिल हुए। राजधानी भोपाल में रातीबड़ क्षेत्र अन्तर्गत नीलबड़ तिराहा साक्षी ढाबा से



किसान न्याय यात्रा निकाली गई। रातीबड़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। यात्रा को सूरज नगर तिराहे भदभदा पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

भोपाल में रातीबड़ से आगे बढ़े प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सूरज नगर तिराहे पर रोक लिया। खास बात ये है कि पुलिस ने कांग्रेस की रैली को रोकने के लिए यहां दो बुलडोजर खड़े कर दिए। कांग्रेस की इस यात्रा में करीब 150 से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल रहे। बाद में कांग्रेस ने यहीं पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सोयाबीन का पौधा भी दिया। भोपाल में कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को ज्ञापन से साथ ही सोयाबीन का पौधा भी सौंपा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के नेतृत्व में भोपाल में किसान न्याय यात्रा निकली। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आतिफ अकील, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा में पहुंचे। यात्रा को सूरज नगर तिराहे भदभदा पहुंचने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इससे ट्रैक्टर रैली लेकर आने वाले किसान व कांग्रेस कलेक्ट्रेट तक नहीं पहुंच सकें।कांग्रेस ने प्रदेश भर में निकली किसान न्याय यात्रा, सभी दिग्गज नेता अलग-अलग शहरों में हुए शामिल भोपाल में बैरिकेडिंग कर कलेक्ट्रेट जाने से रोका

कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में यह न्याय यात्रा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, खाद-बीज और बिजली की समस्या दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर निकाली। कांग्रेस किसानों को सोयाबीन का समर्थन मूल्य छह हजार रुपये, गेहूं का 2,700 और धान का 3,100 रुपये प्रति क्विंटल दिलाने की मांग की।

कांग्रेस के संगठन प्रभारी राजीव सिंह का कहना है कि पूरे प्रदेश में करीब 10 हजार ट्रैक्टर कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा में शामिल हुए हैं। जिलों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश भर में करीब डेढ़ लाख लोग प्रदर्शन में शामिल हुए हैं।

# प्रभारी मंत्री ने स्व सहायता समूह की महिलाओ से किया संवाद

## मै अभी भी स्व सहायता समूह की सदस्य : श्रीमती संपतिया उईके




**सिंगरौली।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यदि महिलाओं के लिए आत्म निर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए यदि कोई कार्य किया है तो हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर आज महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने का पुनीत कार्य कर रहे है। चाहे वो स्व सहायता समूह का माध्यम हो चाहे वो लाडली बहना योजना हो महिलाओ के शासक्तिकरण को बड़ावा देने के लिए योजनएं मील का पत्थर साबित हो रही है। ऐसे देश के प्रधानमंत्री के दीर्घआयु के बहने कम से कम एक दीपक जरूर जलाये। उक्त आशय का उद्गार अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में स्वच्छता में आजीविका मिशन समूह के महिलाओं के सम्मेलन के दौरान जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके द्वारा दिया गया।

बैठक के दौरान राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश शुक्ला, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुवर सिंह टेकाम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, जनपद देवसर अध्यक्ष प्रणव पाठक, जनपद पंचायत चितरंगी के अध्यक्ष श्रीमती सिया दुलारी, पार्षद संतोष शाह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में स्वाभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी आजीविका समूह की महिलाओं के साथ प्रभारी मंत्री ने संवाद किया। इस अवसर पर उपस्थिति अंजीविका समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुये प्रभारी मंत्री कहा की समूह में शक्ति होती है जिससे कि वह जटिल परिस्थितियों का सामना आसानी से कर लेते हैं इस तरह हम बहनों को अंजीविका समूह के माध्यम से एकजुट होकर कार्य करना होगा । उन्होंने स्वयं सहायता समूह के उत्पादन की प्रशंसा की और कहा कि हमें इसे बड़े स्तर पर भी पहुंचना होगा। र्प्रभारी मंत्री ने स्वं सहायता समूह की बहने जो उत्पाद सामंग्री बना रही है उसे किस प्रकार से गति दी जाये एवं मार्केट लिंकेज कराकर उन्हे किस तरह आत्म निर्भर बनाया जाये इसक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आजीविका समूह के माध्यम से जिले के कुपोषित बच्चों के दर को कम किया जा सकता है। इसके तहत प्रशासन आजीविका समूह को उचित प्रशिक्षण दिलाये जिसके तहत समूह द्वारा निर्मित पोषण आहार बच्चों को उपलब्ध कराया जा सके इस पहल से समूह की महिलाओं को नया रोजगार भी मिल सकेगा। उन्होंने आजीविका समूह से अपील की वह स्वच्छता अभियान में अपने क्षेत्रों के विद्यालयों , हॉस्पिटलों ,आदि सार्वजनिक स्थलों में श्रमदान के द्वारा अपना अपना योगदान दें। अपने गांव क्षेत्र में प्लास्टिक कचरो की मात्रा कम करें एवं सभी कचरो को सुख एवं गीले कचरे में विभाजित कर कूड़ा गाड़ी में जमा करें। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओ को प्रेरित करते हुये अवगत कराया कि मंडला जिले में अभी 16 हजार से अधिक स्व सहायता समूह संचालित है जिसमें 11 हजार से अधिक समूह जिले की विभिन्न गतिविधियो में अपना योगदान दे रहे। सिंगरौली जिले में आने वाले वर्षो में अधिक से अधिक स्व सहायता समूह गठित कर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम सबके लाडले भैया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा लाडली बहना योजना के तहत जहा महिलाओ को लाभ प्रदान कराया जा रहा है वही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

# संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में किया गया स्वयं सिद्धा

## महिला आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण वर्कशॉप का हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता के मार्गदर्शन में महिलाओ के लिए चलाये जा रहे आत्मरक्षा के विशेष जागरूकता अभियान के तहत स्वयं सिद्धा (महिला आत्मरक्षा) कौशल प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन स्कूल की लड़कियों और शिक्षिकाओं के लिया किया गया । जिसमे लगभग 110 लड़कियों और 20 शिक्षिकाओं ने भाग लिया द्व कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के दीप प्रज्जवलन के साथ की गई द्व वर्कशॉप में मुख्य रूप से एसपी ऑफिस से आशीष बागरी प्रधान आरक्षक उपस्थित रहे द्व आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण गणेश सिंह विशाल टेक्निकल डायरेक्टर व् ट्रेनर रूपा साकेत और अर्पिता विश्वास द्वारा दिया गया द्व आत्मरक्षा प्रशिक्षण में लड़कियों को आत्मरक्षा की कई बारीक़ तकनीकों की जानकारी दी गई की कैसे वो किसी अनहोनी, अचानक आयी मुसीवत में असामाजिक तत्वों से अपना बचाव कर सकेंगी और अपराधिओं को धूल चटाये द्व स्कूल की लड़कियां और शिक्षिकाएं इस तरह के वर्कशॉप से आत्मरक्षा तकनीकों को सीख कर खुश हुई और आत्मविश्वास से भर गई द्व आशीष बागरी और विशाल ने अपने उद्बोधन में कहा की लड़कियाँ माँ दुर्गा और काली दोनों का रूप होती है अगर वो सभी का पालन पोषण और रक्षा कर सकती है तो स्वयं अपनी आत्मरक्षा करने में सक्षम है और ऐसे प्रशिक्षणों से अपनी सुरक्षा ले लिए जागरूक हो और अपने साथ अपने आस पास की लड़कियों और महिलाओ को भी ये तकनीकी सीखने में सहयोग करे। साथ में कहा आज हमारे बच्चो को संस्कार, संस्कृति और नैतिकता सिखाने वाले संस्कार वैली जैसे स्कूलों की आवश्यकता है जिसमे बच्चे शिक्षा के साथ यह सब भी सीखें और अपने जीवन में सफल हो और देश की प्रगति में सहयोगी बने द्व वर्कशॉप का प्रबंधन और सञ्चालन एचओडी प्रियंका श्रीवास्तव ने किया द्व कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनी ने एसपी श्रीमती निवेदिता गुप्ता और टीम को इस तरह के महिलाओ के लिए विशेष जागरूकता अभियान स्वयं सिद्धा आत्मरक्षा वर्कशॉप कार्यक्रम को करवाने के लिए ह्रदय से आभार व् धन्यवाद करते हुए कहा हमारे जिले की एसपी श्री मती निवेदिता गुप्ता हम सभी के लिए महिला के रूप में मिशाल है जिनसे समाज की महिलाओ को प्रेरणा और मार्गदर्शक मिलता है द्व प्रशिक्षण में स्कूल की छात्राऐ, आशीष बागरी प्रधान आरक्षक, गणेश सिंह विशाल टेक्निकल डायरेक्टर , डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनी ,एचओ डी प्रियंका श्रीवास्तव , ट्रेनर रूपा साकेत और अर्पिता विश्वास व् शिक्षकगण मनीष शर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, माधुरी पांडेय,जया पांडेय, प्राची द्विवेदी,चंदा कुमारी,डिम्पल राय ,पारुल निगम,यशोदा गुप्ता,रागिनी गुप्ता,संध्या कुमारी,रूपा पाल,आरती दुबे,गायत्री सोनी, आकांक्षा श्रीवास्तव ,दिव्या गुप्ता, शुभम चौरसिया,बृजेश विश्वकर्मा,प्रदीप सेन सभी सहित अन्य मौजूद थे।

# एनटीपीसी विंध्याचल को सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल को 20 सितंबर 2024 को बेंगलुरु में आयोजित इंडिया सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप कांग्रेस एंड अवार्ड्स के 10वें संस्करण में अपने लर्निंग एंड एजुकेशन प्रोग्राम के लिए सीएसआर और स्थिरता में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार विश्व स्थिरता संगठन द्वारा प्रदान किया गया, जिसे एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से कार्यकारी (सीएसआर) निखिल जायसवाल ने प्राप्त किया। एनटीपीसी विंध्याचल की यह उपलब्धि न केवल उनकी सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है, बल्कि शिक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में उनके योगदान की भी पुष्टि करती है।कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इन पुरस्कारों पर सीएसआर की टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम विंध्याचल की लगन और एकजुटता से परियोजना नित नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है और यह पुरस्कार हमारी स्वर्णिम विद्युत यात्रा मे एक और रत्न जड़ने का काम करेगी । उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूरा विश्वास है कि टीम विंध्याचल भविष्य मे भी इस प्रथा को जारी रखेगी और एनटीपीसी की ब्रांड इमेज को और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी।

## मोरवा पुलिस ने बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, कृष्ण कुमार पाण्डेय, एसडीओपी सिंगरौली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा कपूर त्रिपाठी व पुलिस टीम ने बालिका को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द।

# ननि के विभिन्न वार्डो मे पानी की सप्लाई सुचारु रूप से चालू

## जिन वार्डो में पानी की सप्लाई चालू नही है वहां टैकरो के माध्यम से किया जा रहा जल वितरण



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा ने बताया कि विगत दिवस भारी वर्षा के कारण रिहंद डैम का जल स्तर बड़ गया था द्य जिससे ढोटी चंदावल में स्थित निगम के वाटर साप्लाई प्लांट के ट्रांसफार्मर, केबल और अन्य उपकरण के पास पानी भर गया । जिस कारण नगरीय क्षेत्र में पेयजल की पाईप लाईन के माध्यम से की जा रही सप्लाई बाधित हुई। इसके बाद निगम आयुक्त के निर्देशानुसार तुरंत निगम अमले द्वारा 7.5 एचपी की 5 मोटर और 90 एचपी की एक मोटर रिलायंस के सहयोग से लगा कर वैकल्पिक व्यवस्था के साथ प्लांट को चलाया गया द्य

निगमायुक्त ने अवगत कराया कि वैकल्पिक व्यवस्था के चलते आज 20 सितम्बर को नौगड़ क्षेत्र के जजेस कालोनी, कलेक्ट्रेट के पीछे वाली कालोनी, सामुदायिक भवन बिलौजी क्षेत्र, डी टाईप बगला एलआईजी, एच टाईप, देवरा मे हीरावती हस्पिटल क्षेत्र, इन्द्रा नगर, ट्रामा सेंटर, हनुमान मंदिर, मार्केट एरिया,रामलीला मैदान के आस पास के क्षेत्र,टाकीज चौराहा क्षेत्र, थाना रोड, गनियारी एलआईजी,पोस्ट आफिस, गनियारी कालोनी में पानी की सप्लाई चालू कर दी गई। इसके अलावा शेष क्षेत्रो मे पानी की सप्लाई टैकर के माध्यम से की जा रही है। निगमायुक्त ने बताया कि शायं के समय भी नगरीय क्षेत्र के कुछ और हिस्सो मे पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही निगम के द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे है जिसके चलते जल्द ही नगर के सभी क्षेत्र में पानी की सप्लाई यथावत हो जायेगी।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान कचनी-2 में चार माह से हितग्राहियों को नहीं मिला खाद्यान्न, कलेक्टर से की गयी शिकायत

**सिंगरौली।** शासकीय उचित मूल्य दुकान कचनी-2 के हितग्राहियों ने कोटेदार पर आरोप लगाया है कि उन्हें तीन से चार महीने का खाद्यान्न नहीं दिया गया है।?इस संबंध में हितग्राहियों ने कलेक्टर के पास शिकायत भी दर्ज करायी है।

हितग्राहियों का कहना है कि सहायक बिक्रेता मुकेश कुमार शाह पिता पुरुषोत्ताम शाह द्वारा करीबन तीन से बार माह का खाद्यान्न वितरित नहीं किया गया।? हमेशा जाने पर ये बोल दिया जाता है कि हमारा आवंटन पूरा हो चुका है। जबकि दिनांक 13.09.2024 तक इनके पास बांटने के बाद भी करीब 140 क्विटल खाद्यान्न स्टाक में बचा हुआ हैं जो मशीन में दिखाई दे रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि इनके गोदाम में एक भी किलों अनाज मौजूद नहीं था दिनाँक 19.09.2024 को अक्टूबर माह का आबंटन जो कि गेहूँ और चावल मिलाकर करीबन 146 क्विटल के करीब दुकान में लिया गया, जिससे इनका स्टाक आज दिनाँक 20.09.2024 को करीब 225 क्विंटल दिख रहा है जिनमें से करीबन 40 किस्टल का फिंगर लगाके माल वितरित नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताय कि विक्रेता मुकेश के नाम पर कई बार 181 पर शिकायत की गई जिसने शिकायत किया उसे खाद्यान्न देकर शिकायत वापस करा लेता था एवं सारा खाद्यान्न बेच देता था।शासकीय उचित मुल्य दुकान कचनी -2 के हितग्राहियों अरूण, कालीका प्रसाद, देवरूप, सिंटू चौहान, ममता, रतनलाल, समय लाल, राजेश, रीता, रामजनम, बलराम चौहान, कन्हैया चौहान, फुलमतिया आदि ने जिला कलेक्टर से मांग किया है कि दुकान की तत्काल जाँच कराई जाए जिससे गरीबों को उनके हक का खाद्यान्न मिलता रहे।

## सड़क निर्माण में लगी कंपनी की बड़ी लापरवाही आई सामने

# स्कूली बच्चों को पीसी मशीन पर बिठाकर कराया नाला पार

**सिंगरौली।** सिंगरौली से सीधी एनएच का निर्माण कार्य लगभग बंद है। ऐसे में भारी बरसात के कारण कई जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मोरवा स्थित भूसामोड पर निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में लबालब पानी भर गया था। जिसे संज्ञान में लेकर एमपीआरडीसी ने निर्माणाधीन कंपनी को मार्ग सुगम कराने के लिए दबाब डाला। जिसके बाद निर्माण में लगी कंपनी तिरुपति बिल्डकॉन द्वारा पहले पंप लगाकर उसके बाद रास्ते में खुदाई कर पानी निकालने की कवायत की जाने लगी। ऐसे में भूसा मोड व आसपास के रहने वाले लोगों को काफी लंबा घूम के जाना पड़ रहा था। बुधवार शाम निर्माणाधीन कंपनी द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था न करते हुए पानी निकालना के लिए मार्ग में गड्ढा खोदकर लगाई गई पीसी मशीन से बच्चों की जान को जोखिम में डालकर उन्हें मार्ग पार कराया गया। गौरतलब है कि बड़े अधिकारियों की अनदेखी में कराए जा रहे इस कार्य में भारी लापरवाही बरती गई।

# जिलाधिकारी सप्ताह में दो दिवस अनिवार्य रूप से क्षेत्र का करे भ्रमण : प्रभारी मंत्री

सिंगरौली। जिलाधिकारी संप्ताह में दो दिवस अनिवार्य रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो के साथ साथ केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराये। साथ ही जिले में चल रहे सभी विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यात्रिकी मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला सिंगरौली श्रीमती संपतिया उईके द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया। बैठक के दौरान राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश शुक्ला, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल, जनपद देवसर अध्यक्ष प्रणव पाठक, जनपद पंचायत चितरंगी के अध्यक्ष श्रीमती सिया दुलारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन के उपस्थिति में जिला विकास कार्यो के प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिले मे चल रहे विकास कार्यो की विभागवार प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात जिले की पालक मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी अपने अपने विभागो संबंधित केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित कराये ये उनका प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने सीधी सिंगरौली सड़क मार्ग की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सीधी से सिंगरौली तक सड़क मार्ग में जो गड्ढे बन गये है उनका गुणवत्ता के साथ तत्काल ठीक कराये। जिससे आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। साथ सड़क के निर्माण कार्य में गति लाए गोपद पुल की शीघ्र टेस्टिंग कराकर पुल से आवागमन प्रारंभ कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के कार्यो के समीक्षा करते हुये अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देश दिये कि जिले में जहा भी ट्रन्सफार्मर जल गये है या बिगड़े है उनका तत्काल सुधार कराये तथा बिना व्यवधान के नागरिको को विद्युत आबाध आपूर्ति सुनिश्चित करे। साथ निर्देश दिया गया कि सम्मनित विधायको एवं जन प्रतिनिधियों से विद्युत विभाग संबंध में जो सुझाव मिलते है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये।

# ट्रैक्टर पर सवार कांग्रेसियो ने निकाली किसान न्याय यात्रा



**सिंगरौली।** किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार सिंगरौली में किसान न्याय यात्रा निकाली। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रैक्टर पर सवार हुए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल व ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी और कार्यक्रम के प्रभारी व पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना भी यात्रा में शामिल हुए। इस किसान न्याय यात्रा में विशाल ट्रैक्टर रैली के साथ 5 किलोमीटर चलकर आम सभा का आयोजन कर 20 सूत्रीय मांगो को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन। मौके पर भारी संख्या मे पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इस दौरान विशाल ट्रैक्टर रैली को देखकर शासन प्रशासन घबड़ा गया और ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से रोकने का कार्य किया ट्रैक्टर रैली माजन मोड़ से घूमकर कलेक्टर परिसर में आने थे परंतु मोड़ पर पुलिस प्रशासन द्वारा रोक दिया गया द्य इसके बावजूद प्रभारी एवं अध्यक्ष का ट्रैक्टर कलेक्टर परिसर के पास सभा स्थल तक पहुंचा द्य दूसरी तरफ ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में ग्रामीण किसानों एवं आम जनता को परसौना में एकत्रित कर विशाल ट्रैक्टर रैली के साथ आम सभा में सामिल हुए द्य तत्पश्चात शहर एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया द्यप्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते महिलाओं, अबोध बालिकाओं से दुराचार की घटनाएं प्रत्येक जिले में बढ़ रही है द्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग पर पुलिस बर्बरतापूर्वक मारपीट कर रही है, इन वर्गों को न्याय दिलाया जाना तो दूर उन पर ही झूठे प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं द्य सरकार द्वेष पूर्ण कार्यवाही कर लोगों के मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर रही है।

## इन सभी मांगों के साथ सौपा ज्ञापन

किसानों की सोयाबीन की फसल पर 40 फीसदी की जगह 100 फीसदी खरीदी जाए। किसानों को गेहूं का 2700 रुपए प्रति क्विंटल तथा धान का रु 3100 खरीदी किया जाए द्य यह की वर्तमान समय में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है जिससे किसान एवं आम विद्युत उपभोक्ता पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ गया है द्य अत: बिजली की बढ़ी हुई दर को शीघ्र वापस लिया जाए द्य नगरीय सिंगरौली तहसील कार्यालय में किसानों के नामांतरण बटवारा नक्शा तरमीन सीमांकन खसरा सुधार के प्रकरण वर्षों से लंबित हैं जिनका निराकरण सक्षम पदाधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहे हैं तथा व्यापक रूप से भ्रष्टाचार व्याप्त है जिन प्रकरणों में पैसा नहीं मिलता उन्हें लंबित रखते हैं या तो कोई कारण लगाकर निरस्त कर देते हैं द्य इस पर शीघ्र रोक लगाई जाए द्य रिलायंस शासन पावर लिमिटेड के द्वारा बनवाए गए एस डाइक बांध के पानी एवं राखड़ का रिसाव हो रहा है जिसमें ग्राम हर्रहावा, सिद्धि पूर्व, झांसी टोला की किसानों की भूमिया व फसल बर्बाद हो रही हैं व भूमिया बंजर होती जा रही हैं द्य अत: उक्त समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाए।

# श्रम से समृद्धि और कौशल से होगा बेहतर कल : रीती

## पीएम विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित





**सीधी।** पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में महाराष्ट्र के वर्धा स्थित स्वावलंबी मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना से सम्बद्ध प्रशिक्षण केंद्र वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इसी क्रम में सीधी जिले के त्रिशक्ति एकेडमी में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विश्व के अग्रणी देशों में लाकर स्थापित कर दिया है। उन्होंने सभी वर्गों के विकास तथा मेहनतकश को नवीन तकनीक से जोड़कर उन्हें संबल देने का कार्य किया है। आज पीएम विश्वकर्मा योजना को पूरे एक वर्ष हो गए हैं। विश्वकर्मा समाज का जीवन व्यवस्थित और आर्थिक रूप से संपन्न हो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा उन्हें प्रशिक्षण देकर स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा आत्मनिर्भर होने के लिए उत्साह वर्धन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कई योजनाएं चलाकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवा अपने उद्योग स्थापित कर स्वयं रोजगार से जुड़े और दूसरों को भी रोजगार से जोड़े इस दिशा में कार्य करें। इस प्रशिक्षण के माध्यम से जो सीख प्राप्त हुई है आपको और आपके पूरे परिवार के लिए सम्मान से जीवन जीने के लिए उत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि काम करके जीवन जीने से आत्म सम्मान और आर्थिक संपन्नता मिलती है। उन्होंने कारीगरों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यवसायी बनने की अपील की। पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिए हमने श्रम से समृद्धि, कौशल से बेहतर कल का जो संकल्प लिया है, बापू की प्रेरणाएं हमारे उन संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने इस योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों को बधाई दी।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अभियान में सच्चे भाव से जुड़ें। अपने आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण रखें जिससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहे तथा हम स्वस्थ और समृद्ध जीवन जिएं। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जन हानियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने युवाओं से अपील की है कि सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं सड़क पर चलते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग अवश्य कर और दूसरों को भी समझाइश दें।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी सुमन सिंह, पार्षद पूनम सोनी, समाजसेवी विश्वबंधुधर द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, मुनिराज विश्वकर्मा, महिमा तिवारी, अन्नू पांडेय, मनीला सिंह, संचालक मनीष गुप्ता, अजीत सोनी सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## विधायक एवं जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा ने रोपित किए पौधे



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा स्वच्छता के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय में पौधारोपण कर पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। महाविद्यालय के सुरक्षित परिसर में दर्जनों छायादार एवं फलदार पौधे आरोपित किए गए। पौधारोपण के कार्यक्रम में विधायक सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अंजू पाठक, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, मोतीलाल पटेल, सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, राकेश मौर्य, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, निशा सिंह, विभा शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह परिहार, हीरालाल कोरी, अभय सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी के सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक श्रीमती रीती पाठक ने शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता का पाठ पढ़ाया और संवाद किया। उसके पश्चात महाविद्यालय में पर्यावरण बचाने की दृष्टि से पौधा रोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापक और सैकड़ों की छात्राऐ उपस्थित रही।

## उपयोग विहीन भवन हो चुका है जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा

### विद्यालय में बच्चों व शिक्षकों का लगा रहता है आना-जाना

**भुईमाड़।** हायर सेकंडरी स्कूल भुईमाड़ के कैंपस में विद्यालय के बगल में स्थित प्राथमिक कन्या शाला स्कूल जो अब उपयोग में नही है और अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। इसके खंडहर और टूटी-फूटी दीवारें न केवल एक डरावना दृश्य पेश करती हैं, बल्कि यह बच्चों और शिक्षकों के लिए एक गंभीर खतरा भी बन गई हैं। प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे इस विद्यालय में पढ़ाई करने आते आते हैं, और इस खंडहर के निकट उनकी गतिविधियां लगातार जारी रहती हैं। बच्चे अक्सर इस खंडहर के पास आते जाते हैं। कभी-कभी, उनकी अनजाने में की गई हरकतें इस खंडहर के प्रति लापरवाह रवैया पैदा कर सकती हैं, जो एक गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। दीवारों के गिरने, टुटे हुए फर्श और असुरक्षित छत के कारण किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है। शिक्षकों के लिए भी यह एक चिंता का विषय है। उन्हें न केवल शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना है। ऐसे में, यह अत्यावश्यक है कि इस जर्जर भवन को जल्दी से जल्दी सुधारने या ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस समस्या का तुरंत समाधान निकालना चाहिए। स्कूल के पास ऐसे खतरनाक ढांचे का होना बच्चों के लिए बहुत बड़ी बाधा है। उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में पढ़ाई करनी चाहिए। इससे न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके मानसिक विकास में भी मदद मिलेगी। इस जर्जर भवन को लेकर शीघ्र कार्रवाई करना आवश्यक है, ताकि बच्चों और शिक्षकों को इस खतरे से मुक्त किया जा सके।

## जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता में पंजीयन की तिथि 15 अक्टूबर

**सीधी।** मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पंजीयन करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिला एवं राज्य स्तरीय क्विज कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय वन मंडल अधिकारी जिला सीधी के निर्देशन में संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष जिला कलेक्टर तथा प्रतियोगिता के समन्वयक जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। उक्त आशय के संबंध में और अधिक जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के समन्वयक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा ने बताया कि सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य अपने यहां से तीन छात्रों के नाम निर्धारित प्रारूप में भरकर 15 अक्टूबर तक प्रतियोगिता की आयोजक संस्था उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।उक्त प्रतियोगिता हेतु कक्षा 9 से 12 तक के ही छात्र भाग ले सकते हैं। हाई स्कूल के प्राचार्य किसी एक कक्षा से अधिकतम दो छात्र तथा हायर सेकेंडरी से अलग-अलग कक्षा से तीन छात्रों के नाम प्रतियोगिता हेतु नामांकित कर सकेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 100 टीमों का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर लिखित रूप में 21 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीधी में आयोजित की जाएगी। उक्त क्विज प्रतियोगिता लिखित रूप में जिला स्तर पर प्रतिभागी विद्यालय के छात्रों के ग्रुप के साथ संपन्न होगी। जिसकी समय संबंधी सूचना पृथक से प्रेषित की जाएगी। पंजीयन फार्म डीईओ रमशा ग्रुप सीधी के वाट्सअप ग्रुप से प्राप्त किए जा सकते है। प्रतियोगिता संबंधी और अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला क्विज मास्टर वीरेंद्र सिंह बघेल से संपर्क किया जा सकता है प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक के साथ-साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर प्राप्त प्रतिभागी स्कूल को राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त स्कूल को 30000 रुपया द्वितीय स्थान प्राप्त स्कूल को 21000 एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त स्कूल को15000 रुपए के साथ-साथ मोमेंटो तथा ट्रॉफी प्रदान की जाती है। सभी स्कूल 15 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से अपने विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का नाम निर्धारित पंजीयन फार्म में भरकर उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि अथवा 100पंजीयन के बाद पंजीयन नही किए जा सकेंगे।

## गणेश स्कूल के 43 छात्र-छात्राएं संभाग स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा में लेगे हिस्सा

**सीधी।** संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बास्केटबॉल में अंडर-14,17,19 वर्ष बालक/बालिका के लिए गुरुवार को स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा के 43 छात्रछात्राओं के दल को प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने उनके कोच के साथ सतना के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि 20 से 21 नवंबर तक सतना के विट्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित हो रहे संभाग स्तरीय स्पर्धा में सीधी जिला की बास्केटबॉल टीम की ओर से सभी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि संभाग स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा में शामिल हो रहे 43 छात्रछात्राओं में अंडर-14 बालक वर्ग में प्रवीन साहू, आयुष गुप्ता, पुरजीत सिंह, अजय जायसवाल, ध्रुव द्विवेदी, युवराज केशरी व अक्षत सिंह एवं बालिका वर्ग में आयूषी पनिका, नेहा सिंह, सत्यभामा सिंह, रक्षा गुप्ता, नव्या पटेल, अर्पिता पाण्डेय व आस्था सिंह शामिल है। अंडर-17 बालक वर्ग में सार्थक तिवारी, आदर्श त्रिपाठी, अश्विन श्यामले, युवराज सिंह वैश्य, आयुष जायसवाल व अक्षय द्विवेदी अथवा बालिका वर्ग में ओजस्वी सिंह, श्रेया पाठक, साधना सिंह, आंचल जायसवाल, मानवी सिंह, दीपान्जली सिंह, मान्यता सिंह, माही सेन व समीरा सागर है। साथ ही अंडर-19 बालक वर्ग में ईशान मिश्रा, प्रशांत पाण्डेय, सूर्यनारायण गुप्ता, अखिल दिवेदी, प्रतीक सिंह, युवराज सिंह व हिमांशु वर्मा है एवं बालिका वर्ग में आकांक्षा चतुर्वेदी, श्रेयांसी द्विवेदी, माही सिंह, दिपाली सोनी, नविता केशरी, सुहानी भूरतिया एवं स्वाती द्विवेदी है।

स्कूल के डायरेक्टर नीरज शर्मा ने संभाग स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा में इन सभी 43 खिलाड़ियों के चयन होने पर खुशी जताई एवं उनका हौसला अफजाई करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी बहुत प्रतिभाशाली हैं और ये अपने खेल से प्रदेश, जिले व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला सीधी के अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा एवं अजय सिंह चौहान अध्यक्ष वन विभाग के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम आदिम जाति कल्याण विभाग/जन जातीय विभाग के कर्मचारियो को 6-7 माह से वेतन न मिलने के कारण शासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है, कि कर्मचारियो का वेतन भुगतान कराया जाय।

## ट्रक ने बाईक सवार को रौंदा महिला की हुई मौत

**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहुली पेट्रोल टंकी से 100 मीटर की दूरी के पर एक ट्रक सवार ने बाइक सवार को बुरी तरह रौंदा दिया जिससे घटना स्थल पर ही बाइक सवार की पत्नी की मौत हो गई पुरुष व एक छोटा सा बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया है जिसे अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक की गाड़ी नंबर एमपी 53 एच ए 29 44 में सीमेन्ट लोड था वही बाइक की गाड़ी नंबर एमपी 53 एमजे 2789 में मृतक पत्नी कल्पना साकेत उम्र 25 वर्ष घायल पति सुनील साकेत उम्र 30 वर्ष करौली खुर्द के साकेत परिवार का निवासी बताया जा रहा है। मौके स्थल पर भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने अमिलिया थाना प्रभारी राजेश पांडे को घटना की जानकारी दी गई जानकारी मिलते ही अमिलिया थाना की पुलिस टीम स्थल पर पहुंची जांच में जुटी रही। बताया गया कि ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है जिस पर आक्रोश जताते हुए परिजनों ने करीबन 2 घण्टे तक चक्का जाम किया बाद में एसडीओपी और थाना प्रभारी की समझाइए इसके बाद जाम खोला गया। वही जनपद सिहावल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लिलवार में सिहावल की तरफ जा रही पिकप में गणपति फीलिंग स्टेशन से 150 मीटर की दूरी पर हादसा हुआ। मृतक की पहचान शिव कुमार बंसल पिता कैलाश बंसल उम्र 28 वर्ष निवासी - रामपुर बतायी जा रही है वही पिकप वाहन चालक - नीलकंठ पटेल पिता रामकुमार पटेल निवासी - बड़गांव बमुरी ने पिकअप क्रमांक एमपी 53 जेडबी 2652 से हादसा हुआ।घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जारी हैं।

## राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत हुआ कार्यक्रमों का आयोजन



**सीधी।** बाल विकास परियोजना सीधी क्र. 2 अंतर्गत परिक्षेत्र बरम्बावा के ग्राम पंचायत डोलकोठार में राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ममता सिंह, पर्यवेक्षक ज्योती खोब्रागडे एवं ग्राम पंचायत सरपंच मनोज बैगा की उपस्थिति में काफी अधिक संख्या में उपस्थित जनसमुदाय को पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे सप्ताह की थीम ईसीसी कॉर्नर, मिट्टी के खिलौने, स्थानीय खेल एवं पौष्टिक भोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई जैसे स्थानीय खाद्य पदार्थों का उपयोग, मोटे अनाज का भोजन में उपयोग एवं साफ-सफाई के संबंध में जानकारी दी गई।

पोषण माह कार्यक्रम 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसमें व्यवहार परिवर्तन एवं उचित पौष्टिक खान से कुपोषण को दूर भगाया जा सकता है एवं एक स्वस्थ समुदाय एवं समाज का निर्माण किया जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण प्रदर्शिनी लगाकर तरह-तरह के पौष्टिक खाद्य पदार्थ बनाने की विधि उपस्थिति महिलाओं को सिखाई जा रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा स्थानीय सामाग्री के माध्यम से पोषण लाभ लिया जा सके। केन्द्र में वजन माह के दौरान कुपोषित बच्चों को चिन्हित करना एवं उनका पोषण प्रबंधन करना, शिक्षा चौपाल से पोषण भी एवं पढ़ाई भी थीम को सार्थक बनाना, बैगा बाहुल्य हितग्राहियों का चिन्हांकन कर समस्त विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना आदि समस्त बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डोलकोठार की समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा



**सीधी।** किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने सहित उनकी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई एवं सीधी की प्रभारी श्रीमती कविता पांडे की विशेष उपस्थिति और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ में कांग्रेस पार्टी ने किसान न्याय यात्रा और ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा। किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में जमोड़ी तोरणद्वार से रैली के माध्यम से रवाना होकर नया बस अड्डा कॉलेज रोड होते हुए कलेक्ट्रेट के सामने अंबेडकर चौक पर पहुंचकर धरना दिया तथा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने किसानों को एमएसपी की गारंटी दी थी लेकिन मोदी की सारी गारंटी फेल हो गई पूरे देश का किसान आंदोलन करके अपनी फसलों का उचित मूल्य चाहता है लेकिन भाजपा की मोदी सरकार किसानों के आंदोलन को बलपूर्वक दबाना चाहती है लेकिन देश का अन्नदाता झुकने वाला नहीं है कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सोयाबीन के दाम 6000 रुपए गेहूं के दाम 2700 रुपए और धान के दाम 3100 रुपए देने का वादा किया था लेकिन आज तक किसानों से किया अपना वादा पूरा नहीं किया जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज कांग्रेस पार्टी किसानों की जायज मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठी हम ज्ञापन के माध्यम से किसानों की मांगों को रख रहे हैं हमें उम्मीद है किसानों की सभी जायज मांगे सरकार के द्वारा पूरी की जाएगी यदि ऐसा नहीं होता है तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगी।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह विधायक प्रतिनिधि चुरहट भारत सिंह महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह वरिष्ठ महामंत्री पार्षद विनोद मिश्रा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू ब्लॉक अध्यक्ष अंबिकेश पांडे किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रफुल्ल पांडे कांग्रेस नेता मनोज कोल ने भी संबोधित कर किसानों की मांगों को उठाया।

धरना कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष दिनेश पाठक द्वारा किया गया उक्त आशय की जानकारी जिला प्रवक्ता पंकज सिंह ने दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेर आकाश सिंह रिंकू महामंत्री नवीन सिंह प्रदेश महिला महामंत्री कुमुदिनी सिंह जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामबती सिंह जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह पार्षद ओमकार सिंह अखंड प्रताप सिंह मोहमद असलम बृजेन्द्रमणि अवधिया महामंत्री कमलेश्वर सिंह मेनका प्रभात सिंह रमेश साकेत संत बहादुर सिंह कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी संकट लालवेंद्र सिंह राणा प्रताप सिंह विवेक सिंह दीपू रनिवाप गोस्वामी सुंदरलाल सिंह प्रदीप द्विवेदी रामविलास पटेल बैजनाथ सिंह प्रदीप दीक्षित संतोष तिवारी हंसलाल यादव विकल सिंह महिला नेत्री कृतिमां सिंह रेखा सिंह रनशेर अली खान बिलाल खान मोहम्मद हाफिज अब्दुल मजीद जान आलम विकास साहू सहित विभिन्न नेतागण जिला पंचायत सदस्यगण जनपद पंचायत सदस्यगण पार्षदगण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई के पदाधिकारी सभी सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारी बीएलए भारी संख्या में किसान भाई और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### मनमानी के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट सख्त

किसी गैरकानूनी गतिविधि या अपराध का आरोप झेल रहे व्यक्ति के घर या अन्य निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करने पर लगातार सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कथित 'बुलडोजर न्याय' के मसले पर जो राय जाहिर की है, वह राज्य सरकारों और संबंधित महकमों के लिए विचार करने का विषय है। यह बड़ी विडंबना है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के आरोप में पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने के बजाय अन्य कारणों का हवाला देकर उसका घर ढहा दिया जाए। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अक्तूबर तक के लिए देश भर में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी और कहा कि बिना उसकी अनुमति के एक भी निर्माण न ढहाया जाए। हालांकि यह आदेश सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ और किसी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। दरअसल, पिछले कुछ समय से कुछ राज्यों में किसी व्यक्ति पर महज आरोप लगने के बाद उसके घर को बुलडोजर से ध्वस्त करना एक जरूरी कार्रवाई मान ली गई थी। जबकि ऐसी कार्रवाई को मनमाने तौर-तरीके और उसके महिमामंडन के रूप में देखा जा रहा था। इसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई का महिमामंडन बंद करने को कहा। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाधिवक्ता का कहना था कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। गौरतलब है कि बुलडोजर चलाने के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा था कि एक व्यक्ति के सिर्फ आरोपी या यहां तक कि दोषी होने के बावजूद इस वजह से उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक और कानून के शासन वाले देश में किसी एक शख्स की गलती की सजा उसके परिजनों को उसके घर को ध्वस्त करके नहीं दी जा सकती। ऐसी कार्रवाई कानून के शासन पर ही बुलडोजर चलाने जैसा होगा।

# विपक्ष पर दबाव का अरविंद केजरीवाल का आतिशी दांव

**अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मज़ाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।**

(ललित गर्ग )

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं।

अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मज़ाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया



है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है।

दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। 'आप' की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं-अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटों भरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है?

अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी। अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे।

# अखिलेश यादव से किनारा करती कांग्रेस और राहुल गांधी

(अजय कुमार)

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है।

कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर नजरिया बदलता जा रहा है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वह अहमियत नहीं दे रही है जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के समय दी थी। वर्ष 2017 के यूपी विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं उससे यही लगता है कि जल्द ही कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का दौर खत्म हो सकता है। इतना ही नहीं पिछले कुछ समय से जिस तरह से अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती के बीच दूरियां बढ़ी हैं उससे भी अखिलेश यादव अपने आप को अकेला महसूस कर रहे हैं। यूपी की दस विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में यदि समाजवादी पार्टी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई तो उसके लिये आगे के लिये अपनी साख बचाना मुश्किल हो जायेगा। वैसे भी मायावती ने उप चुनाव में बसपा के भी प्रत्याशी उतारने की बात कहकर अखिलेश की धड़कने बढ़ा ही रखी हैं।

बात कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती खाई की कि जाये तो पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी एक परिपक्व नेता की तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपना गोल निर्धारित कर लिया है उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। जातीय जनगणना और मुस्लिमों को लुभाने में राहुल गांधी हिन्दुओं पर आक्रमक होने से भी परहेज नहीं कर रहे



हैं।जिसका उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होता भी दिख रहा है।

उधर, पहले मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं देकर यह संदेश दे दिया है कि उसके लिये समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर मायने नहीं रखती है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहा है। कांग्रेस की बैसाखी के सहारे सपा महाराष्ट्र मे अपनी ताकत बढ़ाने की जो कोशिश कर रही थी, उस पर भी पानी फिरता दिख रहा हैं। वैसे सपा की महाराष्ट्र यूनिट ने 12 सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, विधायक इंद्रजीत सरोज, तूफानी सरोज और प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर दूसरे प्रदेशों में अपनी जड़े मजबूत करने का सपना देख रहे अखिलेश यादव को कांग्रेस से लगातार झटके पर झटका ही मिल रहा है। महाराष्ट्र इस कड़ी का नया हिस्सा बन गया है। सपा के पास विकल्प की बात की जाये तो वह फिलहाल सिर्फ यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को इसका जवाब दे सकती है। यूपी में सपा की स्थिति कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में सपा ने कांग्रेस के सहारे चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश कई बार की है। पहले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। उस चुनाव में कांग्रेस के सपा से गठबंधन न करने पर सपा ने अपने दम पर 22 प्रत्याशी उतारे थे। सपा का खाता तो नहीं खुला, लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटों पर नुकसान जरूर हुआ।

इसी तरह से हरियाणा की मुस्लिम और यादव बहुल 12 विधानसभा सीटों पर सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करने का प्रयास किया था। बात पांच और फिर तीन सीट पर आकर टिक गई थी। कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की तो एक भी सीट सपा के लिए नहीं छोड़ा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'बात सीट की नहीं, जीत की है' कहकर गठबंधन धर्म निभाने के लिए त्याग करने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा के सपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी भी कहते हैं कि तीन सीटों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश भेजा था। संगठन ने पूरी तैयारी की, लेकिन कांग्रेस इससे पीछे हट गई। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की 20 सीटों पर सपा ने कांग्रेस गठबंधन नहीं होने पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और सपा आमने-आमने है। अखिलेश के जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए भी जाने की तैयारी है। यहां भी अखिलेश को यूपी की तरह मुस्लिम वोट सपा को मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद है।

## वर्ग पहेली 5498



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2006 को इराके के इस राष्ट्रपति को फांसी की सजा सुनाई गई (6)
6. घायल किया हुआ (2)
7. लकड़ी या डंडे के सिरे पर कपड़ा बांधकर जलाने से उत्पन्न की गई रोशनी (3)
9. लवण (3)
11. कुटिलता, छल, पाखंड (3)
12. ठंडा, शीतल, जाड़ा, ठंड (2)
13. अपराध, कसूर (3)
14. तीव्र उत्कंठित होना, प्रबल अभिलाषित होना (4)
15. महीप, सम्राट, किंग, बादशाह (2)
17. हिंदू धर्म मानने वालों का यह तीसरा वेद है जिसमें कुल 1810 ऋचाऐं है, भारतीय संगीतशास्त्र का आरंभ भी इसी वेद से होता है (4)
18. दिन का दूसरा पहर (2)
20. हाथ, कर (2)
21. किसी रूठे हुए को प्रसन्न करना, फुसलाना, मन्नत मानना (3)
22. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. बर्दाश्त करने वाला, सहिष्णु (5)
2. खुशबू, सुगंध गमक (3)
3. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
4. वापस आना, एकदम बदल जाना, लौटना, अदल-बदल करना (4)
8. अहित कामना सूचक शब्द (2)
10. सस्वार्थ मित्र, दिखावटी मित्र, स्वार्थी दोस्त (6)
13. मध्यप्रदेश का यह शहर मालवा का प्रवेश द्वार कहलाता है, यहां से 35 किमी राजस्थान की सीमा है (2)
16. फिल्मों की पटकथा लेखक जोड़ी में से एक जिन्होनें फिल्म शोले की पटकथा लिखी थी (3)
17. निवारण करना, परस्पर निर्वाह करना (3)
19. उत्तम पुरूष बहुवचन सर्वनाम शब्द (2)

### वर्ग पहेली 5497 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औ | रं | ग | ज़े | ब | | बां | स |
| स | ग | र | | ह | ज्ञ | | र |
| त | त | | म | री | ज्ञ | | प |
| | | म | हा | न | | दौ | र |
| सा | दा | | दे | | न | | स्त |
| म | न | | वी | र | भ | द्र | |
| वे | | स | व | न | | व | सा |
| द | | ब | र्मा | | न | ज्ञ | फ |

## सेबी को सवालों के कठघरे से बाहर आना ही होगा

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

बात 1988 की है। भारत में श्वेत-क्रांति के सूत्रधार वर्गीज कुरियन भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह में कुरियन ने मैनेजमेंट स्कूलों को शैंपू बेचने वालों का ट्रेनिंग स्कूल बताया और छात्रों से कहा कि उन्हें समाज के भले के लिए सच्चाई व सेवा का जीवन जीना चाहिए। उस साल वहां से निकलने वाले विद्यार्थियों में माधवी पुरी बुच भी शामिल थीं, जो इस वक्त सेबी की अध्यक्ष हैं। कहना मुश्किल है कि यह इस भाषण का असर था, मगर माधवी उस बैच की इकलौती ऐसी लड़की थीं, जिन्होंने खुद को प्लेसमेंट से अलग कर लिया। सबसे पहले वह एक एनजीओ के साथ बतौर सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ीं। फिर, उन्होंने तरह-तरह के काम किए, पढ़ाया भी और आईसीआईसीआई बैंक से होते हुए आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की प्रमुख बनीं। इसके बाद 2017 में माधवी सेबी बोर्ड की सदस्य बनीं और 2022 में उन्हें इसका अध्यक्ष बनाया गया। इस पद पर पहुंचने वाली वह पहली महिला हैं।

मगर अब वह विवादों में हैं। जब पिछले साल उन पर आरोप लगने शुरू हुए, तब वे मामूली लग रहे थे, लेकिन अब बात बढ़ती ही जा रही है। बात शुरू हुई थी पिछले साल जनवरी में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से, जिसने भारत के शेयर बाजार को हिलाकर रख दिया था। विपक्षी पार्टियों ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को जांच सौंपने की मांग की और सुप्रीम कोर्ट के सामने कई अलग-अलग अर्जियां लगाई गई। कोर्ट ने आखिरकार फैसला सुनाया कि इस तरह की किसी एजेंसी की रिपोर्ट पर वह जांच का आदेश नहीं दे सकता। हालांकि, साथ में उसने सेबी से कुछ सवालों के जवाब भी मांगे और यह भी कहा कि सेबी की जांच से अदालत संतुष्ट है। तब ऐसा लगा कि बात खत्म हो गई है, पर यह फाइल यहीं बंद होने वाली नहीं थी।

सबसे पहले सेबी पर जवाबी हमला करते हुए हिंडनबर्ग ने यह मान लिया कि उदय कोटक का बैंक शॉर्ट सेलिंग में उसका मददगार था। उसके बाद उसने सेबी और सेबी प्रमुख पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। पहला इल्जाम था कि माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने ऐसी जगह पैसे लगाए थे, जो घूमकर अडानी समूह की कंपनियों में पहुंचे। इस पर बुच दंपति ने बाकायदा सफाई भी जारी की। मगर उसके बाद तो एक के बाद दूसरे आरोप आते ही जा रहे हैं। अब यह इल्जाम लगा है कि सेबी से जुड़ने के बाद भी उनको कई कंपनियों से मेहनताना या फीस मिली है। हालांकि, जिन कंपनियों का नाम इस मामले में आया, वे सब सफाई दे चुकी हैं कि उन्होंने कोई गैर-कानूनी भुगतान नहीं किया है। ध्यान रहे, सेबी में रहते हुए माधवी पुरी बुच ने कई कड़े फैसले भी किए हैं। शायद यही वजह है कि न सिर्फ बाहर से, बल्कि सेबी के भीतर से भी उन पर सवाल उठ रहे हैं।

सवाल सेबी प्रमुख की चुप्पी पर भी उठ रहे हैं और इस बात पर भी कि क्या इतने आरोपों के बाद भी वह पद पर बनी रहेंगी? सरकार इस मामले में क्या कर सकती है, यह भी एक पेचीदा सवाल है। बात और पेचीदा हो जाती है, क्योंकि निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों को लाकर राजकाज में जोड़ने का भी यह एक उदाहरण है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों को लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। यात्रा सामान्य रूप से लाभप्रद होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। दोपहर के बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष में नया मोड़ आ सकता है।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होने से आपका मन प्रसन्न होगा। साथ ही आपको थोड़ा सावधान रहने की सलाह है। आपकी कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय में व्यापारी से अनबन हो सकती है।

### तुला

आज करियर में सफलता का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

### वृश्चिक

आज दिन शानदार और सफलता से भरा होगा। दूसरों की मदद करने के बाद आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। लेकिन आपको उनकी तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

### मिथुन

आज करियर में हानि की आशंका है। कोई भी काम काफी सोचकर करें वरना आपका नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद आप बिजनस में किसी नए आइडिया पर काम कर सकते हैं। अच्छे कार्य करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क

आज दिन भाग्योदय कारक है। आपके लिए धन की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। जीवनसाथी एवं व्यापार में आपके संबंध बेहतर होंगे और आपको लाभ होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको खुशी होगी।

### धनु

आज करियर के मामले में नुकसान होने की आशंका है। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपके जीवन में अशांति बढ़ सकती है और ऑफिस में लोग आपकी बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो इससे आपको तकलीफ होगी। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अचानक किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन बढ़ सकती है और काफी दौड़भाग हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें।

### सिंह

आज दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा और आपकी अच्छी छवि का निर्माण होगा। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अवरोध-विरोध के होने पर भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज कन्या राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले कई दिन से चल रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लेंगे। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान पक्ष से संतुष्टि और हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोहर लाल खट्टर के भतीजे ने जॉइन की कांग्रेस, चुनावी जंग के बीच भाजपा को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री



मनोहर लाल खट्टर के भतीजे रमित खट्टर ने ही कांग्रेस जॉइन कर ली है। मनोहर लाल खट्टर फिलहाल केंद्र सरकार में एक ताकतवर मंत्री हैं। भले ही सीएम नायब सिंह सैनी है, लेकिन अब भी मनोहर लाल का राज्य में अच्छा रुतबा माना जाता है। यही नहीं नायब सिंह सैनी को भी उनके ही करीबी नेताओं में शुमार किया जाता है। ऐसे में खट्टर के परिवार से ही किसी का कांग्रेस में जाना भाजपा के लिए एक झटके की तरह है। रमित खट्टर के कांग्रेस जॉइन करते समय रोतहक के विधायक भारत भूषण बत्रा भी मौजूद थे। रमित खट्टर पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के भाई जगदीश के बेटे हैं। 2020 में एक डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर की पिटाई के मामले में रमित खट्टर का भी नाम सामने आया था। यही नहीं एफआईआर भी इस केस में फाइल हुई थी और उसमें भी रमित का नाम दर्ज था। वन अधिकारी ने आरोप लगाया था कि जिस दौरान उनकी पिटाई हुई थी, तब रमित खट्टर भी मौजूद थे। इस संबंध में पूछे जाने पर रमित खट्टर ने कहा था कि मैं अपना कारोबार चलाता हूं। इस घटना को ऐसे नहीं देखना चाहिए कि मैं सीएम का रिश्तेदार हूं। मेरे दोस्त रजत के वन विभाग के साथ कुछ मसले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं तो चंडीगढ़ जा रहा था, लेकिन दोस्त के साथ वन विभाग के ऑफिस में चला गया। वहां उसका ही काम था। यही नहीं इस संबंध में जब वन अधिकारी जी. रमन से रमित के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते थे कि वह मनोहर लाल खट्टर के भतीजे हैं। उन्होंने कहा कि रमित ने कभी अपना परिचय रमित खट्टर के तौर पर नहीं कराया था। गौरतलब है कि मनोहर लाल खट्टर का हरियाणा के पंजाबी समुदाय के बीच अच्छा प्रभाव माना जाता है। वह करनाल सीट से लोकसभा के सांसद भी हैं, जहां पंजाबी वर्ग की अच्छी आबादी है। इसके अलावा अंबाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में भी पंजाबी समुदाय की बड़ी संख्या है।

### राहुल गांधी पर गलत बयान का छत्तीसगढ़ में विरोध, पुतला जलाने में झुलसा कांग्रेसी नेता

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, एजेंसी।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिए अमर्यादित बयान के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में विरोध-प्रदर्शन किया और बयान देने वाले नेताओं का पुतला फूंका। लेकिन इस कार्यक्रम में उस वक्त भगदड़ की स्थिति बन गई, जब पुतला जलाने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव खुद आग की चपेट में आ गए। हालांकि पुलिस और आसपास खड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूझबूझ से समय रहते आग को बुझा लिया गया, जिसकी वजह से वासुदेव बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। फिलहाल उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला जलाते व वासुदेव आग की चपेट में आते दिख रहे हैं। इस घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसमें दिख रहा है कि किस तरह पुलिस की सुरक्षा के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तयशुदा कार्यक्रम के तहत पुतला जलाया और इसके बाद वे आग में कुछ पर्चे डालने लगे, इसी बीच एक पुलिसकर्मी उन पर्चों को हटाने लगता है। तभी उस पुलिसकर्मी को रोकने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष वासुदेव आए और जलते पुतले के ऊपर से निकले, इसी दौरान उनके कुर्ते-पजामे ने आग पकड़ ली। कपड़ों में आग लगने के बाद वासुदेव डरकर तेजी से भागने लगे और आगे जाकर गिर पड़े। तब तक वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने पुतले की आग को बुझाने के लिए लाए गए पानी से वासुदेव के कपड़ों में लगी आग को बुझाकर एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। इसके बाद वासुदेव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाल ही में राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा दुश्मन और आतंकवादी कहा था और शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ के राहुल गांधी की जीभ काटने पर 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसके विरोध में कांग्रेस ने पेंड्रा के दुर्गा चौक में पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया था।

### शिमला के नेरवा पहुंचा मस्जिद विवाद, अवैध निर्माण के खिलाफ हिंदू संगठनों ने निकाली रैली

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद विवाद को लेकर जो चिंगारी सुलगी थी वो अब पूरे प्रदेश में फैल चुकी है। शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के नेरवा में गुरुवार को भारी तादाद में हिंदू समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने यह प्रदर्शन करणी सेना और हिंदू संगठनों के आह्वान पर किया। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिदों में अवैध निर्माण और बाहरी राज्यों से आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों का पंजीकरण न होने पर अपना गुस्सा जाहिर किया। खास बात यह रही कि हिंदू संगठनों के आह्वान पर विरोध जताने के लिए नेरवा के सभी व्यापारियों ने सुबह से अपनी दुकानें भी बंद रखीं। इस दौरान प्रशासन की ओर से भी भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। हिंदू संगठनों ने नेरवा बाजार से डुंडी माता मंदिर तक रैली निकाली। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एक विशेष समुदाय के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

# बाढ़ को लेकर हेमंत सोरेन पर भड़कीं ममता बनर्जी, सील कर दी झारखंड की सीमा

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में बाढ़ को लेकर दो सहयोगियों में ही आपस में ठन गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दामदर वैली कॉर्पोरेशन को राज्य में बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि झारखंड की वजह से दक्षिण बंगाल के 11 जिले बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। तीन दिनों के अंदर बांध से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने हेमंत सोरेन से इसको लेकर बात भी की है। वहीं ममता बनर्जी ने झारखंड से लगने वाली सीमा को सील करने का आदेश दे दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार सभी नियमों का पालन कर रही थी। डीवीसी के साथ समझौतों को ध्यान में रखा जा रहा है। लेकिन दामोदर वैली कॉर्पोरेशन ने झारखंड को बचाने के लिए बंगाल को दांव पर लगा दिया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, बंगाल का यह अप्रत्याशित और गलत है। उन्होंने कहा, अब हम भी बंगाल जाने वाली सारी चीजों को रोक देंगे। झारखंड के बांधों में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। भारी बारिश की वजह से पानी की रिलीज करना जरूरी था।

ममता बनर्जी का कहना है कि सीमावर्ती इलाके में बाढ़ की वजह से कार बह जा रही हैं। ऐसे में खतरे को देखते हुए बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं हेमंत सोरेन की सरकार ने जवाबी ऐक्शन लेने की धमकी दे दी है।



धनबाद-पश्चिम बर्दवान सीमा के बाद वाहनों का आना जाना मुश्किल हो रहा है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बाढ़ की वजह से 26 की मौत हो गई है और ढाई लाख लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मैंने डीवीसी चेयरमैन और झारखंड के सीएम सोरेन से बात की। उनसे आपील की कि और पानी ना छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि डीवीसी इसकी भी जानकारी नहीं दे रहा है कि बांध से कितना पानी पड़ोसी राज्य में छोड़ा जा रहा है। ऐसे में झारखंड के साथ लगी सीमा पर पुलिस चेकपोस्ट पर वाहनों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीवीसी हमेशा झारखंड को सुरक्षित रखना चाहता है। हमेशा पश्चिम बंगाल ही यह मुसीबत क्यों झेले? वहीं डीवीसी के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि बारिश कम होने की वजह से छोड़े जाने वाले पानी को भी कम कर दिया गया है।

आरोपों का जवाब देते हुए, केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बयान में कहा कि बांधों से पानी छोड़ने के निर्धारित समय के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया था। पानी का छोड़ा जाना, दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति (डीवीआरआरसी) की सलाह के अनुसार है। इस समिति में पश्चिम बंगाल सरकार, झारखंड सरकार, केंद्रीय जल आयोग (सदस्य सचिव) और डीवीसी के प्रतिनिधि शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के गंगा क्षेत्र और उसके बाद झारखंड के ऊपर गहरे दबाव के कारण 14-15 सितंबर को पश्चिम बंगाल के निचले दामोदर घाटी क्षेत्र में काफी बारिश हुई, जबकि झारखंड की ऊपरी घाटी में 15-16 सितंबर को भारी बारिश हुई। हालांकि, 17 तारीख से कोई और बारिश नहीं हुई। दक्षिण बंगाल की नदियां - दामोदर नदी के लिए अमता चैनल और मुंडेश्वरी - उफान पर थीं। सिलाबती, कांगसाबती और द्वारकेश्वर जैसी अन्य नदियां जो दामोदर से जुड़ी हुई हैं, वे भी उफान पर थीं।

## अब संदीप घोष की डॉक्टरी पर भी संकट, नहीं कर पाएंगे इलाज, छिन गया लाइसेंस



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल से जुड़ी जांच की आंच का सामना कर रहे पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गुरुवार को एक और झटका लगा है। खबर है कि उनका मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि किसी चिकित्सक को मरीज के इलाज के लिए लाइसेंस की जरूरत भी होती है। पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की तरफ से तैयार की जाने वाली रजिस्टर्ड डॉक्टरों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे। घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। बाद में उन पर मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया गया। महिला चिकित्सक की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स में प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे अनिकेत महतो ने इस कदम को 'जीत' करार दिया। उन्होंने कहा, 'यह हमारी मृत बहन के लिए जीत है। घोष का चिकित्सा पंजीकरण उनकी गिरफ्तारी के साथ ही रद्द कर दिया जाना चाहिए था। हम खुश हैं कि पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने अंततः यह कदम उठाया है।

## मंत्री पर विवादित बयान पर भाजपा विधायक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि आप किसी को हाफ पाकिस्तानी कैसे कह सकते हैं। अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री दिनेश गुंडू राव को हाफ पाकिस्तानी कहा था क्योंकि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो देश के सारे मुस्लिम समुदाय को ही पाकिस्तानी घोषित करने वाली हुई, जबकि वे भारत में रहते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं। जज ने कहा, यह क्या है? सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मुस्लिम से शादी की है और आप उन्हें हाफ पाकिस्तानी कहेंगे? आप कैसे किसी को ऐसा कह सकते हैं? क्या आपके दिमाग में जो भी आएगा, वह बोल सकते हैं। आप किसी भी समुदाय के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते। वे यहीं रहते हैं। इस पर भाजपा विधायक यतनाल के वकील वेंकटेश दलवई ने कहा कि उन्होंने अगले ही दिन सफाई दी थी। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी बातें आजकल आम हो गई हैं। जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, यह अच्छी बात नहीं है।

# पाकिस्तान हो या पन्नू, सभी आतंकी राहुल गांधी का ही क्यों करते हैं समर्थनः संबित पात्रा

**पुरी, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक बार फिर कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला है और पूछा है कि आखिर पाकिस्तान हो या खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू, सभी आतंकी राहुल गांधी का समर्थन क्यों करते हैं। पात्रा का यह तीखा तंज गुरुवार को तब आया, जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेन्स गठबंधन के रुख का समर्थन किया। भाजपा सांसद ने कहा, जिस तरह से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस का समर्थन किया है और कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35ए की पुनर्बहाली पर पाकिस्तान का भी कांग्रेस जैसा ही रुख है। तो इससे समझा जा सकता है कि दोनों के बीच क्या संबंध है। पात्रा ने कहा, पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है और आतंकवादी देश का एक मंत्री खुलेआम कांग्रेस का समर्थन कर रहा है। यह कोई नई बात नहीं है, जब केंद्रीय गृह मंत्री ने अनुच्छेद 370 को हटाने का विधेयक पेश किया था, तब सदन में कांग्रेस के नेता ने कहा था कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और यहां तक कि सोनिया गांधी भी उन्हें ऐसा कहने के लिए कह रही थीं। पात्रा ने आगे आरोप लगाया कि न केवल पाकिस्तान बल्कि खालिस्तानी आंतकी पन्नू ने भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी का समर्थन किया है। पात्रा ने कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या कारण है कि पाकिस्तान हो या पन्नू, सभी आतंकवादी आपका समर्थन करते



हैं... कांग्रेस और पाकिस्तान के बीच किस तरह का गठबंधन है? उन्होंने कहा, उन्होंने अपने गठबंधन का नाम आईएनडीआईए रखा है, लेकिन वे हमारे देश का नाम खराब कर रहे हैं। भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने भी आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान से समर्थन मांग रही है। उन्होंने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस हमेशा अलगाववादी ताकतों के साथ खड़ी रही है। यही कारण है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि अनुच्छेद 370 और 35ए को फिर से बहाल किया जाएगा। इल्मी ने कहा, अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ कहते हैं कि जहां तक (अनुच्छेद 370 की) बहाली और राज्य का दर्जा बहाल करने का सवाल है, वे नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के साथ खड़े हैं और एक समान स्टैंड पर हैं। इसका मतलब है कि कश्मीर के मामले में उनकी सोच नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस जैसी ही है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान से समर्थन मांग रही है।

## मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे ने थामा कांग्रेस का साथ, चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय पांडे ने राजनीति में कदम रखने का फैसला किया है। वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे और मुंबई से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, पांडे को कांग्रेस ऐसी विधानसभा सीट से उतारने की योजना बना रही है, जहां उत्तर भारतीयों की अच्छी-खासी आबादी है। पांडे गुरुवार शाम को पार्टी में शामिल होंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, संजय पांडे एक ईमानदार और अनुशासित अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने पुलिस बल के लिए एक मिसाल कायम की है। आज वे महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ की उपस्थिति में पार्टी में शामिल होंगे। संजय पांडे ने पहले ही विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी और उन्होंने अपने राजनीतिक संगठन राष्ट्रीय जनहित पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने मुंबई के वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। इससे पहले, वे हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में



भी भाग लेने की योजना बना रहे थे लेकिन बाद में अपना इरादा बदल लिया। उस समय उन्होंने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट जैसी दो लोकसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया था। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय पांडे को 18 फरवरी 2022 को मुंबई पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। अपने करियर के दौरान पांडे को एक ईमानदार अधिकारी माना जाता था, लेकिन वे कई बार विवादों में भी घिरे रहे। उनका नाम सबसे ज्यादा तब सुर्खियों में आया जब उन्हें जून 2022 में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) फोन टैपिंग मामले में केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था। पांडे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक एफआईआर एनएसई के कर्मचारियों के फोन की अवैध निगरानी के लिए आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से संबंधित है, जिसे उन्होंने स्थापित किया था। दूसरी एफआईआर एनएसई के सिस्टम ऑडिट में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए है। पांडे को उनकी गिरफ्तारी के बाद करीब पांच महीने तक जेल में रहना पड़ा था। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जमानत दी थी। कोर्ट ने यह कहते हुए जमानत दी थी कि पांडे पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए थे, लेकिन इन आरोपों के कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि रिश्वतखोरी के आरोप इस मामले में लागू नहीं होते क्योंकि किसी ने रिश्वत मांगने या लेने का कोई आरोप नहीं लगाया था।

## कांग्रेस से होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री, बालासाहेब थोराट का दावा, एमवीए में मचेगी रार?

**मुंबई, एजेंसी।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खींचतान जारी है। जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरे घोषित करने की मांग की है तो वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इससे साफ इनकार किया है। अब गठबंधन की एक और साथी पार्टी कांग्रेस ने बड़ा ऐलान कर दिया है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से इनकार करने के बावजूद, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, थोराट ने भयंदर (पश्चिम) में चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी के कोंकण संभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा, मैं सभी से गठबंधन के रूप में लगन से काम करने का आग्रह करता हूं। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि मुख्यमंत्री महा विकास अघाड़ी से आएगा और कांग्रेस से होगा। आइए इसे हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने आगामी नगरपालिका और जिला परिषद चुनावों की तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा, इन पर अभी से काम करना शुरू करें, क्योंकि ये



भी महत्वपूर्ण हैं। एमवीए में शामिल तीनों पार्टियों- शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और कांग्रेस ने पहले ही कहा है कि वे चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम नहीं बताएंगे। थोराट की घोषणा से पहली बार ऐसा हुआ है कि एमवीए के किसी वरिष्ठ नेता ने खुले तौर पर कहा है कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। अन्य दो सहयोगियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एनसीपी (एसपी) के एक वरिष्ठ नेता ने टिप्पणी की कि थोराट के इस बयान में कुछ भी गलत नहीं है कि अगला सीएम एमवीए से होगा। इससे पहले बैठक में कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सत्तारूढ़ पार्टी के एक सांसद, विधायक और एक केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# हरियाणा में 'लाडली वोटर' पर भाजपा-कांग्रेस मेहरबान, अब तक यहां खुल चुका है महिलाओं पर खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों का घोषणापत्र सामने आ चुका है। दोनों पार्टियों ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए जमकर वादे किए हैं। इसमें महिलाओं को तमाम तरह के फायदे पहुंचाने की बात कही गई है। अन्य वर्गों के लिए भी घोषणाओं की भरमार है, लेकिन महिला वोटरों पर फोकस ज्यादा है। इसमें महिलाओं को मासिक भत्ता देने का ऐलान सबसे खास है। जहां भाजपा ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए देने की बात कही है। वहीं, कांग्रेस भी बहुत पीछे नहीं है। कांग्रेस ने हरियाणा में सत्ता में आने पर 18 से 60 साल की उम्र वाली महिलाओं के लिए दो हजार रुपए मासिक भत्ते का ऐलान किया है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के समय ही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना शुरू हुई थी। इसके तहत जिन महिलाओं की सालाना कमाई ढाई लाख रुपए से कम थी, उन्हें हर महीने 1000 रुपए की मदद दी जाती थी। बीते विधानसभा चुनाव में इस राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया। इतना ही नहीं, आगे इस राशि को तीन हजार रुपए तक करने की बात भी कही गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान ही भाजपा ने छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं के मंथली अलाउंस का ऐलान किया था। बाद में सरकार बनने के बाद महतारी वंदन



योजना लागू की गई और गरीब तबके की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए की मदद की जाती है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले ही महिला वोटरों को लुभाने की कोशिश शुरू कर दी गई है। इसके तहत सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने योजना लांच भी कर दी है। इसके तहत 21 से 65 साल की उन महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जाने की बात कही गई है, जिनकी सालाना कमाई 2.5 लाख रुपए से कम होगी। झारखंड में भी 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए की मदद दी जाती है। इसके लिए क्राइटेरिया सालाना तीन साल सकम इनका का होना है। यहां पर इस योजना का नाम 'मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना' है। झारखंड में इस योजना का लाभ करीब 50 लाख महिलाओं को मिलता है। तमिलनाडु में भी महिलाओं के लिए कैश योजना चल रही है। यहां पर 21 साल से ज्यादा उम्र की महिला मुखिया को 1200 रुपए मंथली मदद दी जाती है। इसके लिए शर्तों में 10 एकड़ से कम जमीन का होना, 2.5 लाख से कम सालाना कमाई और 3600 यूनिट से कम बिजली का होना शामिल है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में महिला वोटरों को लुभाने के लिए इस योजना का ऐलान किया था। यहां पर 25 से 60 साल की महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना चल रही है। इसमें भी एसएसी-एसटी वर्ग की महिलाओं को 1200 और अन्य को 1000 रुपए प्रतिमाह मिलते हैं।

कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश भी पीछे नहीं हैं। कर्नाटक में सीएम सिद्दारमैया ने गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की थी, जिसके तहत परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2 हजार रुपए दिए जाते हैं। वहीं, हिमाचल में सीएम सुक्खू ने 18 से 65 साल की महिलाओं के लिए हर महीने 1500 रुपए देने का ऐलान किया है। इस योजना को अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा।

## सार समाचार

### फिर चला चहल का जादू, 5 विकेट लेकर टीम को दिलाई शानदार जीत



**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), एजेंसी।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने पिछले मैच की दो पारियों में भी 45 रन पर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर डर्बीशर के खिलाफ अपनी टीम की 133 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### धनुष ने जूनियर वेटलिफ्टिंग विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक



**लियोन (स्पेन) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।

वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।



भारत-बांग्लादेश टेस्ट

# बुमराह का चौका, बांग्लादेश 149 पर ढेर, भारत को 308 रन की बढ़त

**चेन्नई, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह (50 रन पर 4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को चायकाल के बाद पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया। भारत को पहली पारी में 227 रन की भारी भरकम बढ़त मिली लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और दूसरे दिन स्टंप्स तक तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। भारत के पास अब कुल 308 रन की बढ़त हो गयी है। भारत की दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा पांच, यशस्वी जायसवाल 10 और विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स पर शुभमन गिल 33 और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत को पहली पारी में 227 रन की बड़ी बढ़त मिली थी जिससे अब उसकी कुल बढ़त 308 रन की हो गयी है।

इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में बुमराह के चार विकेट के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। बुमराह इस दौरान 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले छठे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए । बांग्लादेश की तरफ से शाकिब अल हसन ने 32, मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 27 , लिटन कुमार दास ने 22 और कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 20 रन बनाये।

भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया था। दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने पांच और बल्लेबाज गंवाए। लंच के बाद, सिराज ने गेंद को लाइन में रखा और नजमुल हुसैन शान्तो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर सीधे थर्ड स्लिप में चली गई। अगले ओवर में, बुमराह ने गेंद को देर से मूव किया और मुशफिकुर रहीम के बल्ले का अच्छा किनारा लेकर सेकंड स्लिप में चली गई। गेंदबाजों की लगातार लाइन और लेंथ के बावजूद, लिटन दास और शाकिब अल हसन ने स्थिति संभालने की कोशिश की।

दोनों ने बुमराह, सिराज और आकाश दीप की गेंदों पर शानदार ड्राइव लगाए, इससे पहले शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की ढीली गेंदों पर और बाउंड्री लगाई।

छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी तब समाप्त हुई जब दास ने जडेजा की ऑफ-स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक ध्रुव जुरेल के पास गई। दास ने 22 रन बनाये। जडेजा के अगले ओवर में शाकिब ने रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके जूते से टकरा गई और ऋषभ पंत ने आगे बढ़कर आसान कैच लपका। हसन महमूद और मेहदी हसन मिराज ने तीन चौके लगाए। बुमराह ने हसन महमूद को चाय के समय दूसरी स्लिप में कैच करा दिया।

भारत ने चायकाल के बाद दो और विकेट निकाल कर मेहमानों की पारी को 149 रन पर समेट दिया। बुमराह ने तस्कीन अहमद और सिराज ने नाहिद राणा को बोल्ड कर दिया। तस्कीन और नाहिद राणा दोनों ने 11-11 रन बनाये।

सुबह के सत्र में भारतीय टीम अपने कल के स्कोर में 37 रन जोड़ पाई। भारत को पहले तीन झटके तस्कीन अहमद ने दिए जबकि हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह के रूप में अंतिम विकेट लेकर भारतीय पारी को ऑलआउट कर दिया।

### 24 साल के महमूद हसन ने रावलपिंडी के बाद चेन्नई में रचा इतिहास

**चेन्नई , एजेंसी।** चेन्नई टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पहली पारी 376 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज महमूद हसन के कहर के बाद आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने भारतीय टीम की नैया पार की। अश्विन ने अपने घरेलू मैदान पर एक बार फिर शतकीय पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के हसन ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

#### हसन ने झटके 5 विकेट

हसन महमूद ने चेन्नई टेस्ट मैच में पांच विकेट झटके। अपने 22.2 ओवर के स्पेल में 83 रन दिए और पांच विकेट अपने नाम किए। हसन ने भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल को दहाई का आंकड़ा भी नहीं छूने दिए। वहीं ऋषभ पंत को भी 39 रन के स्कोर पर आउट किया।

ओलंपिक : खेल मंत्री मांडविया का बयान

# भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और शीर्ष 10 में आना है





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और पदक तालिका में शीर्ष 10 में आना है। मांडविया ने पुणे के एसपी कॉलेज में 'विकसित भारत एंबेसडर-युवा कनेक्ट' पहल पर बोलते हुए कहा, विकसित भारत में खेल क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है क्योंकि हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में खुद को विकसित करना है।

उन्होंने कहा, 2047 तक हमारा लक्ष्य खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम 2047 का मौका नहीं चूकें। हमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने होंगे। खेल मंत्री ने कहा, ऐसी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए हमने खेलो इंडिया की शुरुआत की। खेलो इंडिया की मदद से युवा खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिलने चाहिए।

हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज कुसाले इस कार्यक्रम में मौजूद थे। मांडविया ने कहा, हमें खेल प्रतिभाओं की पहचान करनी होगी और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। आने वाले दिनों में ये प्रतिभायें स्वप्निल कुसाले जैसी खिलाड़ी बनेंगी।

हमारा लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन भारत में कराना है और हमारी योजना पदक तालिका में शीर्ष 10 में आने की है। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए।

भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा। ओलंपिक में 24 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत का रैंक 70 से नीचे पहुंचा हो। इस बार भारत ने कुल छह मेडल अपने नाम किए जिनमें पांच कांस्य और एक रजत पदक शामिल है। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण के साथ सात पदक जीते थे।

### ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया पुरुष फुटबॉल कोच के पद से इस्तीफा दिया



**मेलबर्न, एजेंसी।** ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की निराशाजनक शुरुआत के बाद उनके छह साल के दूसरे कार्यकाल का अंत हो गया है। बहरीन से 1-0 की घरेलू हार और उसके बाद इंडोनेशिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ ने टीम की दिशा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं।

आर्नोल्ड ने फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन के समर्थन के बावजूद एक सप्ताह पहले ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। जॉनसन ने 61 वर्षीय कोच का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था, उनका मानना था कि वह अभी भी टीम को वापस पटरी पर ला सकते हैं। हालांकि, आर्नोल्ड को लगा कि बदलाव का समय आ गया है। मैंने इंडोनेशिया के खिलाफ़ हमारे मैच के बाद कहा था कि मुझे कुछ फ़ैसले लेने हैं, और गहन चिंतन के बाद, मेरे अंतर्मन ने मुझे बताया कि बदलाव का समय आ गया है। आर्नोल्ड ने ईएफए द्वारा जारी एक बयान में कहा, मैंने देश, खिलाड़ियों और फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के लिए जो सबसे अच्छा है, उसके आधार पर इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है।

# राजस्थान रॉयल्स ने राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की।

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है।

द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं। युवा प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने की उनकी क्षमता अमूल्य होगी.

# संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में ठोका शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था।

संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।

सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया। इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया।

यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

डेविस कप:

## इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से



**लंदन, एजेंसी।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे।

अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा।

# सुमित नागल ने डेविड कप खेलने के लिए मांगी मोटी फीस?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी।

भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ हाल ही में डेविस कप मुकाबले से हटने का फैसला किया था। हालांकि, इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है क्योंकि अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरुवार को बड़ा दावा किया है। एआईटीए का कहना है कि नागल ने डेविस कप मुकाबले में खेलने के लिए 50000 यूएस डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) की वार्षिक फीस मांगी थी। एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी। नागल एटीपी 250 हांग्झोउ ओपन में शामिल हुए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को खेलना था लेकिन पीठ दर्द के कारण उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, मुझे बताएं एक खिलाड़ी को देश के लिए खेलने के लिए पैसे क्यों मांगने चाहिए।

यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने 50,000 यूएस डॉलर की सालाना फीस मांगी थी और कहा था कि अगर उन्हें भुगतान नहीं किया गया तो वह नहीं खेलेंगे। देश को तय करने दें कि यह सही है या नहीं। फिर यह सरकार और सभी का फैसला होगा। खिलाड़ियों को टॉप्स के जरिये भी भुगतान किया जाता है और ऐसा नहीं है कि उन्हें डेविस कप खेलने के लिए भुगतान नहीं किया जाता। उन्हें भुगतान किया जाता है।

#### नागल ने रखी अपनी बात

नागल ने एआईटीए के दावे से इनकार नहीं किया और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में अपना बचाव किया। इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है।

उन्होंने कहा, मुआवजे के बारे में मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि पेशेवर खेलों में खिलाड़ियों के लिए यह आम बात है कि उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राशि दी जाती है, भले ही वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। यह व्यक्तिगत फायदे की बात नहीं है। एआईटीए और डेविस कप कप्तान के साथ मेरी चर्चा गोपनीय है .

# बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारी हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरणों में एक माह में लक्ष्य अनुरूप अपेक्षित प्रगति लाएं : कलेक्टर

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की हुई बैठक

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य संपादित कर हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्धारित समयावधि में लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विभागीय योजनाओं में तत्परतापूर्वक लाभ प्रदान करने संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण के संबंध में पूर्व से पात्रता और चेक लिस्ट अनुसार दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत ही विभाग द्वारा बैंकों में प्रकरण प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक में कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित लीड बैंक अधिकारी समा बानो, बैंकों के शाखा प्रबंधक और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कुमार ने गत 25 जून को संपन्न बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर बैंकों व विभाग द्वारा कार्यवाही की प्रगति, ऋण वितरण और प्राथमिकता अनुसार की गई समस्त कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बैंक शाखाओं के स्थान परिवर्तन, सीडी रेसियो, आदिवासी बाहुल्य कल्दा क्षेत्र में बैंक शाखा खोलने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने बैंकवार वर्क प्लान के बारे में पूछा और एक माह में अनिवार्य रूप से कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि लीड बैंक एसबीआई सहित समस्त बैंकों द्वारा कार्ययोजना निर्धारित कर कार्यवाही की जाए। आगामी बैठक में इसका परिणाम भी परिलक्षित हो। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, मध्यांचल ग्रामीण बैंक और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अधिक संख्या में लंबित प्रकरणों के अभियान के जरिए त्वरित निराकरण, एनपीए में सुधार, विभागीय स्तर पर कार्यवाही में तेजी लाने और अक्टूबर माह तक 70 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए।



विभागीय अधिकारियों को योजना के लाभार्थी हितग्राही के साथ बैंक शाखा में पहुंचकर प्रकरण निराकृत कराने के लिए भी कहा। साथ ही बैंकर्स को विभाग द्वारा सबमिट प्रकरण को अविलंब स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के समस्त बैंकों में प्रेषित 73 प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराने के लिए कहा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं के बैंक लिंकेज प्रोग्रेस संबंधी कार्यवाही की जानकारी लेकर बैंक स्तर पर लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश दिए। इस संबंध में आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में संपूर्णता अभियान के तहत अनिवार्य रूप से 30 सितम्बर तक सेचुरेशन पूर्ण कर ऋण वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही रिकवरी मामलों में तेजी लाने तथा तहसीलवार शिविर के माध्यम से वसूली अभियान संचालित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स आवश्यकतानुसार स्वसहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव के बैंक में उपस्थित होने पर बैंक खाता खोलें। इसके लिए समूह के अन्य महिलाओं को बैंक में उपस्थित होने की अनिवार्यता नहीं है। उन्होंने मुद्रा लोन की प्रगति व स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही पीएम स्वनिधि हितग्राहियों को प्राथमिकता से लाभांवित करने के लिए कहा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत डेयरी यूनिट की स्थापना व आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना में हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को भी लक्ष्य के मुताबिक कम उपलब्धि होने पर गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर कार्यवाही के संबंध में चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के पूर्व हितग्राही को योजनाओं के लाभ व पात्रता संबंधी जानकारी के बारे में अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। इसी तरह अन्य विभागीय योजनाओं में समयावधि में प्रगति लाने के लिए कहा। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के अविलंब निराकरण के लिए एल-1 स्तर पर शिकायत दर्ज होने के उपरांत हितग्राही से संवाद कर संतुष्टिपूर्वक शिकायत निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। आरसेटी केन्द्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवार के सदस्यों को रोजगारमूलक प्रशिक्षण के उपरांत स्वरोजगार अथवा व्यवसाय स्थापना के संबंध में नियमित रूप से फॉलोअप लेने और प्रेरित करने तथा बैंक ऋण में सहयोग सहित प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। शैक्षणिक संस्थाओं में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के गत शैक्षणिक सत्र के शत प्रतिशत छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित करने के लिए स्टूडेंट ई-केवायसी सहित चिन्हांकित छात्रों के छात्रवृत्ति भुगतान फेल होने के संबंध में प्राथमिकता से समस्या का निराकरण करने की बात कही। बैठक में आगामी 2 अक्टूबर तक संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पौधरोपण और सामूहिक सहभागिता से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए प्रयास निरंतर जारी

**पन्ना।** पन्ना जिले में मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक कुल 98 हजार 231 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की जा चुकी है। जनवरी से अब तक कुल 15 मलेरिया प्रकरण दर्ज किये गये हैं, जिनमें से 7 अजयगढ़, 1 अमानगंज, 4 पवई एवं 3 देवेन्द्रनगर के हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर मलेरिया की जांच अवश्य करायें। मलेरिया जांच की सुविधा समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं आशा कार्यकर्ता के पास निःशुल्क उपलब्ध है। विभाग द्वारा इस वर्ष भारत सरकार से प्राप्त 2 लाख 68 हजार 700 मच्छरदानियों का वितरण जिले के चिन्हित 496 ग्रामों में किया गया है। एल.एल.आई.एन.मच्छरदानियां उन्हीं ग्रामों में वितरित कि गई हैं, जिन ग्रामों में वर्ष 2015 में मलेरिया पॉजिटीविटी के आधार पर वर्ष 2018-19 में मच्छरदानियों का वितरण किया गया था। उक्त मच्छरदानियों की अवसान अवधि पूर्ण हो जाने के कारण प्रतिस्थापित किया गया है। अन्य ग्रामों के लिए मच्छरदानियां भारत सरकार से प्राप्त नहीं हुयी हैं। इसके अलावा अब तक 27 हजार 467 घरों में लार्वा सर्वे कर 76 हजार 115 कंटेनर चेक किये गये हैं, जिनमें से 559 घरों के 1 हजार 69 बर्तनों में मच्छर के लार्वा पाये गये, जिन्हें लार्वा सर्वे टीम के द्वारा समक्ष में नष्ट करवाया गया एवं आमजन को समझाईश दी गयी कि बर्तनों में संग्रहित पानी को एक सप्ताह के अन्दर अवश्य बदलें, जिससे मच्छरों के लार्वा से मच्छर न बन सकें।

आमजनों को सलाह दी गई है कि मलेरिया डेंगू फैलाने वाले मच्छर रूके हुये पानी में पैदा होते हैं। इससे बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा न होने दें। यदि पानी की निकासी संभव न हो तो सप्ताह में एक बार जला हुआ इंजन ऑयल इतनी मात्रा में डालें कि पानी के ऊपर एक पर्त बन जाये। घरों में संग्रहित पानी को ढंक कर रखें एवं सप्ताह में एक बार अवश्य बदलें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, आंख के पीछे तरफ दर्द, शरीर में लाल दाने या चकत्ते दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू की जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय पन्ना में निःशुल्क उपलब्ध है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान

# सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाया शिविर




**पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों के तहत आज नगर के टाउन हॉल में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लागाया गया। इस दौरान समस्त सफाई मित्रों के बीपी, शुगर लेवल सहित अन्य स्वास्थ्य जाँचें की गईं। जिला अस्पताल के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. बी.पी. प्रजापति एवं टीम द्वारा सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले ने सभी कर्मचारियों को कार्य के साथ अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया गया। सफाई मित्रों को पीपीई किट पहनकर कार्य करने एवं समय से भोजन करने एवं दिनचर्या बेहतर रखने की सलाह भी दी गई। शिविर में सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश कुमार, उपयंत्री एवं नोडल अधिकारी अजीत सिंह धुर्वे, स्वच्छता निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार चौरसिया भी उपस्थित रहे।

# विद्युत कार्मिकों को 10 हजार रूपये की तत्काल आर्थिक सहायता

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की कल्याणकारी प्रशासनिक व्यवस्था के तहत कंपनी के नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स से नियोजित कार्मिकों के साथ कार्य के दौरान घटित घातक, अघातक दुर्घटना या मारपीट की घटनाओं के दौरान घायल होने पर पीड़ित कार्मिकों को अधिकतम 10 हजार रूपये की तत्काल आर्थिक सहायता दी जा रही है। आर्थिक सहायता दिये जाने के लिये क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की अनुशंसा के आधार पर मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

# कलेक्टर के निर्देश पर निराश्रित गौवंश को गौसदन पहुंचाया

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार पन्ना नगर में घूम रहे निराश्रित पशुओं को हांका लगाकर गौसदन में पहुंचाया गया है। नगर पालिका पन्ना द्वारा मुख्य मार्गों, गलियों, सडकों पर घूमने, बैठने व आपस में लड़ने के कारण चोटिल होने एवं सड़क दुर्घटना से बचाव के दृष्टिगत गौवंश को गौसदन में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की गई है। शासन द्वारा भी पूर्व में गौवंश के सड़कों में घूमने पर गौवंश की स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर हांका लगाकर गौवंश को गौसदन में रखने के निर्देश दिए गए थे। गुरूवार को



निकाय के स्वच्छता प्रभारी के निर्देशन में स्वच्छता दल द्वारा सुबह 7.30 बजे से पन्ना नगर में हॉका लगाया गया। लगभग 200 गौवंश को पन्ना-अजयगढ़ बायपास रोड पर निर्मित गौसदन पंहुचाया गया। यहां गौवंश की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आहार की संपूर्ण आवश्यक व्यवस्था निकाय द्वारा की जाएगी। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# संयुक्त दल ने किया फसल निरीक्षण

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त दल द्वारा आज देवेन्द्रनगर क्षेत्र में किसानों के खेत का भ्रमण कर फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी के साथ ग्राम गुखौर, राजापुर, जिगदहा, जिगदही एवं देवेन्द्रनगर में उड़द, तिल व धान के खेतों का भ्रमण कर कृषकों से संवाद किया तथा कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए।

# स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 24 सितम्बर को

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना की स्थायी शिक्षा समिति की बैठक आगामी 24 सितम्बर को दोपहर 1 बजे से जनपद पंचायत सभागार में आहूत की गई है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना द्वारा इस संबंध में सभापति एवं समिति सदस्य को अवगत कराया गया है। साथ ही आवश्यक कार्यवाही के संबंध में संबंधित अधिकारियों को भी सूचित किया गया है।

बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा इस बैठक तक की अवधि में शासन द्वारा जारी निर्देश के संबंध में आवश्यक चर्चा की जाएगी। इसके अलावा जनपद क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्यों, खेल एवं युवा कार्यक्रम गतिविधि, अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावासों की गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम तथा सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन विभाग की समीक्षा भी की जाएगी।

# शाहनगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

पन्ना। स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के तत्वाधान में आज 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जायेगा। जनपद पंचायत के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत तहसीलदार शाहनगर कोमल सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की गांधी स्मारक से शुरूआत हुई और एक वृहद रैली निकाली गई। जिसमें जनपद पंचायत शाहनगर के सीईओ रोहित मालवीय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित जनपद पंचायत का अमला तथा आमजन शामिल हुए। स्वच्छता रैली के साथ ही स्वभाव स्वच्छता संस्कार की थीम पर आज पहले दिन शाहनगर में विश्रामगृह के पास कचरे के लगे ढेर को श्रमदान करते हुए साफ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद सीईओ रोहित मालवीय ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए हम अपने गांव, मोहल्ले, सार्वजनिक स्थलों तथा अपने घर के आसपास के स्थलों को साफ रखेगें न गंदगी करेगें और न ही किसी को गंदगी करने देंगे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सभागार में नगर के सफाई मित्रों उमेश चौधरी, राजेश हरिजन, श्रीमती सीता रानी चौधरी, श्रीमती कुसुम बाई हरिजन, मोहन चौधरी को श्रीफल शाल एवं स्वच्छता टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष आशीष खरे, समाजसेवी धनीराम तिवारी, एसडीओ प्रशांत वर्मा, खण्ड पंचायत अधिकारी अजय द्विवेदी, स्वच्छ भारत मिशन शाहनगर ब्लाक समन्वयक रविन्द्र विश्वकर्मा, पीएम अवास्तविक ब्लाक समन्वयक आसिफ हुसैन अंसारी सहित कर्मचारी शामिल रहे।

# आईटीआई के घोषित परीक्षा परिणामों में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पन्ना।** वैष्णव माता शिक्षा समिति द्वारा संचालित वैष्णव माता प्रायवेट आईटीआई के संचालक अंकुर त्रिवेदी व प्राचार्य अमित पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त 2024 में आयोजित आईटीआई मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 15 सितम्बर 2024 को घोषित किया गया है।

घोषित किए गए नतीजों के अनुसार संस्था का कुल परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 92 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणामों में संस्था के प्रथम वर्ष के इलैक्ट्रीशियन ट्रेड के छात्र अबु सहमा ने 83.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, गोपाल सिंह ने 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं फिटर ट्रेड के राजन लूनिया 81 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

# समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन प्रारंभ

पन्ना

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन का कार्य गुरूवार से प्रारंभ हो गया है। किसान आगामी 4 अक्टूबर तक जिले में निर्धारित 40 पंजीयन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क में अधिकतम 50 रूपए शुल्क के साथ किसान पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने जिले के समस्त कृषकों से निर्धारित समयावधि में पंजीयन करवाने की अपील की है।

# लालपुर गांव में सर्पदंश से मासूम की मौत, मर्ग कायम कर जांच की जा रही है

**सतना।** अमरपाटन थाना अंतर्गत लालपुर गांव में सर्पदंश से मासूम की मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि श्रृष्टि पुत्री संदीप साकेत (4) बुधवार रात को चारपाई पर मां के साथ सो रही थी, तब लगभग 3 बजे जहरीले सर्प ने डस लिया।

बच्ची के रोने की आवाज सुनकर महिला की नींद खुली तो उसने सांप को भागते देखा, जिस पर फौरन परिजन को यह जानकारी देते हुए बच्ची को लेकर आनन-फानन सिविल अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, मगर रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। लिहाजा परिजन शव लेकर अमरपाटन लौट गए, जहां पोस्टमार्टम कराया गया।

# रेप की कोशिश के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र में चचेरी बहन से रेप की कोशिश के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

पुलिस ने बताया कि 11वीं कक्षा की छात्रा बुधवार शाम को तिमाही परीक्षा देकर स्कूल से घर लौट रही थी, तब रास्ते में आरोपी अच्छेलाल सिंह पुत्र देवमन सिंह गोंड 40 वर्ष मिला, जिसने घर तक पहुंचाने की बात कही और साथ में चल पड़ा, मगर सूनसान जगह पर पहुंचते ही ज्यादती की कोशिश करने लगा।

तब पीड़िता किसी तरह जान बचाकर भाग निकली और परिजनों को आपबीती से अवगत कराया, लिहाजा परिवार के लोग उसे थाने ले गए, जहां पूछताछ और बयान के बाद बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत कायमी कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई, जिसे गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

# 7 साल की बालिका के अपहरण का आरोपी गया जेल

**सतना।** नाबालिग को अगवा कर बंधक बनाने और छेडखानी के आरोप पर सिटी कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने बताया कि बीते 31 अगस्त को आरोपी घनश्याम पुत्र स्वर्गीय रमेश वंशकार 20 वर्ष, ने 7 वर्षीय बालिका को उसके घर के सामने से उठा लिया और अपने मकान में ले जाकर बंधक बना लिया। इस दौरान आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत भी की। परिजनों के खोजबीन प्रारंभ करने पर युवक ने बालिका को छोड़ दिया और भाग गया।

# पोषण माह अंतर्गत खाद्य सामग्री का प्रदर्शन कर किया जागरूक

## जिला पंचायत अध्यक्ष भी रहीं उपस्थित

**पन्ना।** वर्तमान सितम्बर माह में संचालित राष्ट्रीय पोषण माह की गतिविधि अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 23 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनपुरवा क्रमांक 1 में गुरूवार को पोषण शिविर का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से पौष्टिक आहार व्यंजन प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। पोषण माह में साप्ताहिक थीम निर्धारित कर प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर निरंतर निर्धारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बुन्देली खानपान तथा घरेलू उत्पादों से बने पोषणयुक्त खाद्य पदार्थों जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो एवं अन्य मोटे अनाज व घर में उपलब्ध होने वाली



सब्जियां एवं मौसमी फल से पौष्टिक व्यंजन बनाकर अपने आहार में शामिल करने की समझाईश दी। साथ ही पैकेट बंद वस्तुओं का दैनिक जीवन में कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। इस दौरान आयोजित अन्नप्राशन कार्यक्रम में 6 माह से एक वर्ष के तीन बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। किशोरी बालिकाओं को खून की कमी तथा एनीमिया से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में समझाया गया। माताओं को फास्ट फूड के सेवन से बच्चों को होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया तथा घर पर तैयार होने वाली आसान रेसिपी की जानकारी दी गई। गर्भवती व धात्री माताओं को हरी सब्जियां एवं ताजे फल खाने की सलाह दी गई।

पोषण प्रदर्शनी में मोटे अनाज, मुनगा, टीएचआर से तैयार रेसिपी व स्थानीय खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश राय, परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा, पर्यवेक्षक ज्योत्सना श्रीवास्तव, किरण खरे अंजली गुप्ता, रेखा बावरिया, शोभा उपाध्याय, नीलम द्विवेदी, नीलेश पटेल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्ड के हितग्राही भी उपस्थित रहे। ग्राम जमुनहाई में भी पोषण माह अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय कार्यक्रम वर्धा (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।



## कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो रही है, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना : शुक्ल

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रीवा।** भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय कार्यक्रम वर्धा (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधित किया जिसका सीधा प्रसारण माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के आडिटोरियम में देखा व सुना गया।

वर्धा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि परंपरागत कौशल को नई ऊर्जा देने का संकल्प है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना। परंपरागत कार्य करने वालें 18 व्यवसायों के लिये लोगों को सम्मान, सामर्थ व समृद्धि देने की मूलभावना इस योजना में निहित है। पारंपरिक कौशल व स्वदेशी हुनर ही हमारा आधार है। गांधी जी ने भी ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने का संदेश दिया था। जरूरत इस बात की है कि इन्हें आगे बढ़ाया जाय ताकि हमारे कुटीर उद्योग राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना से एक वर्ष में 30 लाख लोगों को जोड़कर 8 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया और 6 लाख 50 हजार विश्वकर्मा भाईयों को आधुनिक उपकरण दिये गये तथा इन्हें 1400 करोड़ रूपये का ऋण भी इस अवधि में उपलब्ध कराया गया। रीवा के माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने तथा परंपरागत व्यवसाय करने वालों को 18 विभिन्न व्यवसायों के लिये प्रशिक्षण देकर तथा ऋण उपलब्ध कराकर उनको आगे बढ़ाने में यह योजना मददगार साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यवसाय करने वाले व्यक्ति देश की रीढ़ है। उनके विरासत में मिले या अपनी प्रतिभा से प्राप्त हुनर को बढ़ावा देकर आर्थिक तौर पर सशक्त करने का प्रधानमंत्री जी का



प्रयास वंदनीय है। प्रधानमंत्री जी ने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति व गांव के प्राचीनतम परंपरागत व्यवसाय विधाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाई है। जिसके माध्यम से हितग्राही समृद्ध होगे। श्री शुक्ल ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और रीवा को देश में सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को लाभ दिलाने वाला जिला बनायें। श्री शुक्ल ने कहा कि आज के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिये मध्यप्रदेश में तीन जिलों का चयन किया गया उसमें रीवा भी शामिल है जो यह दर्शाता है कि केन्द्र सरकार में भी रीवा में हो रहे विकास व हितग्राही मूलक कार्यों की चर्चा है अत- योजना के तहत प्रशिक्षण, टूल वितरण व ऋण स्वीकृत में तत्परता बरतें।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का प्रयास ही इस योजना का उद्देश्य है। ग्रामीण उद्योगों को मजबूत करने के लिये गांधी जी ने ग्राम स्वराज की स्थापना की थी इन 18 व्यवसाय को आधुनिक तौर पर बढ़ावा देकर वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के प्रयास प्रधानमंत्री जी द्वारा किये जा रहे हैं ताकि हमारा देश आर्थिक तौर पर और भी मजबूत हो सके। उन्होंने व्यवसाय से जुड़े जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभ दिलाने की बात कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि योजना से विश्वकर्मा भाईयों के कौशल उन्नयन में वृद्धि होगी तथा इसका लाभ लेकर वह आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि जिस सूझबूझ के साथ प्रधानमंत्री जी देश को आगे ले जा रहे हैं उसी सूझबूझ से जिले को समृद्धशाली बनाने में उप मुख्यमंत्री जी एवं सांसद जी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हितग्राहियों से आगे आकर लाभ लेने की अपील की। इससे पूर्व संयुक्त संचालक दीपक गंगाजली वाले ने योजना के विषय में जानकारी देते हुए संभाग में अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अभी तक 2495 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा 55 हजार हितग्राहियों ने अपना पंजीयन योजनान्तर्गत कराया है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा प्रथम किश्त के तौर पर एक लाख रूपये की राशि का चेक उप मुख्यमंत्री ने प्रदान किये। उप मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी/सह व्यापार मेले का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, वार्ड पार्षद श्रीमती विमला सिंह, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, डॉ. आशीष द्विवेदी, अध्यक्ष गंगेव जनपद विकास तिवारी, त्रियुगी नारायण शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित आईटीआई के अधिकारी, कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने एमसीयू रीवा परिसर के आडिटोरियम का नामकरण लाल बलदेव सिंह के नाम से करने की घोषणा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने घोषणा की कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा परिसर का आडिटोरियम लाल बलदेव सिंह के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि लाल बलदेव सिंह विन्ध्य क्षेत्र की पत्रकारिता के पितृ पुरूष थे जिन्होंने सन् 1887 में हिन्दी का सर्वप्रथम राजनैतिक समाचार पत्र का प्रकाशन रीवा से प्रारंभ किया। उल्लेखनीय है कि लाल बलदेव सिंह रीवा राज्य के सेनापति थे जिन्होंने बाद में हिन्दी में भारत का पहला राजनैतिक समाचार पत्र भारत भ्राता का प्रकाशन रीवा से किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आडिटोरियम का नामकरण लाल बलदेव सिंह के नाम से करने की घोषणा की।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षण से कार्य में कुशलता आयेगी



**रीवा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के तहत कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण प्राप्त कर आशीष विश्वकर्मा अपने परंपरागत व्यवसाय से बनाये जाने वाले उत्पाद में और अधिक निखार ला पायेंगे। आशीष बताते हैं कि मैं गत 4 वर्षों से फर्नीचर और लकड़ी के सामान बनाने का काम कर रहा हूँ। अब इस योजना से प्रशिक्षण लेकर मैं अपने उत्पादों को अधिक सलीके से कुशलता से बना सकूंगा और इस योजना से मिलने वाली ऋण की राशि से व्यवसाय को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री जी को ह्यदय से धन्यवाद देते हुए आशीष कहते हैं कि इस योजना से उन सभी लोगों को लाभ होगा जो परंपरागत उत्पाद बनाते हैं। यह योजना उत्पाद में निखार लाने व आर्थिक तौर पर सशक्त करने में सहायक हो रही है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान विशेष

## साफ-सफाई कार्य को पीपीई किट ने सुरक्षित और कारगर बनाया

**रीवा।** समग्र स्वच्छता अभियान जिले में वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया जा रहा है। अभियान के तहत साफ-सफाई के परंपरागत तरीकों में कई परिवर्तन किए गए। आधुनिक उपकरणों और पीपीई किट के उपयोग से साफ-सफाई का कार्य सुरक्षित और अधिक कारगर हो गया है। नगर निगम के सफाई मित्र नत्थू बोहत ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि मैं रीवा शहर में पिछले 20 वर्षों से सफाई मित्र के रूप में कार्य कर रहा हूँ। नौकरी की शुरूआत में उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता नहीं थी। नालियों की सफाई करते हुए पैर और हाथ में घाव हो जाते थे। संक्रमण से बचाव के भी पर्याप्त उपाय नहीं थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआत के बाद पूरे देश के साथ-साथ रीवा में भी स्वच्छता की लहर आई। सफाईकर्मियों को नालियों, नाले, बड़े सार्वजनिक स्थलों की सफाई के लिए आधुनिक उपकरण तथा सुरक्षा के लिए पीपीई किट दिया गया। अब हम इनका उपयोग करके हाथ-पैर ही नहीं पूरे शरीर को संक्रमण सहित हर खतरे से सुरक्षित रखकर साफ-सफाई करते हैं। शासन द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर साफ-सफाई कार्य को और बेहतर किया जा रहा है। उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करके मैं पूरे मन से साफ-सफाई का कार्य करता हूँ। रीवा नगर निगम द्वारा मुझे स्वच्छता कार्य के लिए दो बार सम्मानित किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन ने नगर को साफ-सुथरा बनाने के साथ-साथ सफाईकर्मियों को भी सुरक्षा और सहूलियत प्रदान की है।

## कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण कार्य में निखार लाने में मददगार होगा

**रीवा।** जिले के सेमरिया अन्तर्गत जुड़मानी निवासी नीरज विश्वकर्मा अपना बढ़ईगीरी का परंपरागत व्यवसाय करते है। वह लकड़ी के उत्पाद बनाते हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत उन्होंने एक सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। नीरज को विश्वास है कि कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण उनके कार्य में और निखार लायेगा। नीरज ने एक सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें प्रतिदिन पांच सौ रूपये स्टायपेंड भी मिला। अब उन्हें टूल किट मिलने का इंतजार है। नीरज कहते हैं कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा संचालित यह योजना जहां एक ओर हमारे परंपरागत व्यवसाय के कौशल को निखारने का कार्य करेगी वहीं दूसरी ओर आर्थिक मदद मिलने से हम अपने व्यवसाय में वृद्धि भी कर पायेंगे और हमारे अच्छे कलात्मक उत्पादों को आसानी से बाजार भी उपलब्ध हो जायेगा।

## रोजगार मेले में 9 कंपनियों ने 152 युवाओं का किया चयन

**रीवा।** रीवा जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जेएनसीटी कॉलेज रतहरा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 243 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। मेले में शामिल 9 कंपनियों ने 152 युवाओं का चयन कर उन्हें आफर लेटर प्रदान किया। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें निजी क्षेत्र की कंपनियां तथा संस्थाएं शामिल



होकर युवाओं का चयन करती हैं। रोजगार के इच्छुक युवाओं का सबसे पहले पंजीयन किया गया। इसके बाद कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा वेतनमान के आधार पर युवाओं का चयन किया गया। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसी इंडिया लिमिटेड महसाणा फाटा अहमदनगर महाराष्ट्र ने 15, केएसपीजी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड अहमदनगर ने 2, फिनोलेक्स इंस्ट्रीज लिमिटेड पुणे ने 14 तथा क्लासिक व्हील्स लिमिटेड अहमदनगर महाराष्ट्र ने 22 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले में प्रगतिशील बायोटेक रीवा में 25, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 36, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रीवा में 15, प्रसाद फर्टिलाईजर एण्ड बायोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड रीवा में 13 तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. में 10 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा जेएनसीटी कालेज के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रिसोर्स पर्सन के चयन के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

रीवा

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमियों को सुविधा देने के लिए रिसोर्स पर्सन का चयन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितम्बर निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र कर्यालयीन समय में सहायक संचालक उद्यान कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ 21 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में ऑफलाइन जमा किए जाएंगे। इस संबंध में सहायक संचालक उद्यान योगेश पाठक ने बताया कि रिसोर्स पर्सन के चयन के लिए योग्यता एवं वरीयता निर्धारित की गई है। रिसोर्स पर्सन के रूप में आवेदक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फूड टेक्टनालॉजी में डिप्लोमा अथवा डिग्रीधारी होना चाहिए तथा उसे संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो। रिसोर्स पर्सन के चयन के लिए आवेदक को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एग्रीकल्चर में डिग्री तथा फूड टेक्नालॉजी एवं डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का अनुभव हो।

सहायक संचालक ने बताया कि रिसोर्स पर्सन द्वारा एकल उद्योगों एवं समूहों को डीपीआर तैयार कराने तथा बैंक से ऋण लेने में उनकी सहायता की जाएगी। रिसोर्स पर्सन द्वारा खाद्य मानकों, उद्योगों के आधार, जीएसटी सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता की जाएगी। रिसोर्स पर्सन को प्रति लाभार्थी सहायता उपलब्ध कराने पर 20 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। रिसोर्स पर्सन को लाभार्थी का बैंक ऋण स्वीकृत होने पर निर्धारित राशि का 50 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान लाभार्थी के उद्योग का जीएसटी एवं आधार पंजीकरण प्राप्त होने, एफएएसएआई मानकों के अनुपालन परियोजना के लागू होने तथा प्रशिक्षण प्रदान करने के पश्चात किया जाएगा।

## शहर स्थित निर्माणाधीन बाबा घाट की 200 के एलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 20 सितंबर 2024 को शहर स्थित निर्माणाधीन बाबा घाट की 200 केएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने निपानिया में स्थित 400 केएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट के कार्य का भी दौरा किया और उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, निगम आयुक्त ने शहर स्थित लो लाइन क्षेत्रों में सीवरेज सिस्टम के सुचारू संचालन के लिये पम्पिंग स्टेशन के भूमि चयन हेतु ट्रांसपोर्ट नगर, हमीदिया कालोनी, ढेकहा में स्थल निरीक्षण कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री एसएल दहायत, सहायक यंत्री श्री एसएल दहायत, उपयंत्री श्री आशुतोष पाण्डेय एवं संविदाकार के प्रतिनिधि एवं पीडीएमसी टीम मौजूद रही।

## महिला स्वसहायता समूह कर रहा गांव के कचरे का प्रबंधन

**रीवा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने समग्र स्वच्छता अभियान से पूरे देश में स्वच्छता की अलख जगाई है। शहरों और गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए अब सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रयास हो रहे हैं।



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गांव को साफ-सुथरा रखने के लिए कई नवाचार किए जा रहे हैं। रीवा जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति के बीच 101 ग्राम पंचायतों ने गांव के कचरे के निपटान के लिए स्वसहायता समूहों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इन्हीं में शामिल रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बजरंगपुर में महिला स्वसहायता समूह गांव के कचरे का प्रबंधन कर रहे हैं। सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करके इसका उपयोग खाद बनाने में किया जा रहा है। अनुपयोगी कचरे को कबाड़ी को बेचकर भी कुछ राशि प्राप्त हो रही है।

इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि बजरंगपुर में ग्राम पंचायत द्वारा आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूह को कचरा प्रबंधन में पूरा सहयोग दिया जा रहा है। समूह को कचरा संग्रहण के लिए वाहन उपलब्ध कराया गया है। साथ ही खाद बनाने के लिए नाडेप बनाए गए हैं। गांव के घरों तथा दुकानों से निकलने वाले कचरे का समुचित निपटान महिला स्वसहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणजन भी गांव को साफ-सुथरा रखने के प्रयासों में पूरा सहयोग कर रहे हैं। कचरा संग्रहण करने वालों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराई गई है। ग्राम पंचायत द्वारा कचरा संग्रहण के लिए निर्धारित राशि प्रदान की जा रही है। समूह की महिलाएं हर दिन केवल दो से तीन घंटे में कचरा संग्रहण और प्रबंधन का कार्य पूरा करके शेष दिन अन्य कार्य करती हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। शहरों की तरह गांव में कचरा प्रबंधन की बजरंगपुर अनूठी मिसाल बन गया है।

## राहुल गांधी समाज के हर वर्ग की लड़ाई लड़ रहे हैं : कमलेश्वर

### किसान न्याय यात्रा में हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया

**रीवा।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को निरंतर लूटने का कार्य कर रही है। भाजपा ने जो वादे किए उसे पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के साथ समर्थन मूल्य के धान की खरीदी 3100, गेहूं की 2700 व सोयाबीन के फसल प्रति क्विंटल के मान से खरीदने का वादा किया जिसे अभी तक भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया।

उक्त विचार आज कांग्रेस कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने जिला कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा के समापन अवसर पर जनसभा में कही। पूर्व मंत्री श्री पटेल कहा कि हमारे नेता,जननायक एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी निरंतर किसानों, बेरोजगारों,



युवाओं एवं आमजन की समस्याओं को उठाकर उनकी आवाज बन रहे हैं। श्री गांधी हर देश की हर जाति,बिरादरी से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रहे हैं।

श्री राहुल गांधी ने देश की राष्ट्रीय संपत्ति को भाजपा की केंद्र सरकार ने चंद उद्योगपतियों को लुटाया, देश के भ्रष्टाचार व घोटाले को उजागर करने का काम सदन के अंदर एवं सड़क पर कर रहे हैं। श्री राहुल गांधी पर भाजपा की केंद्र सरकार के मंत्री,सांसद,विधायक एवं भाजपा नेता श्री राहुल गांधी को आतंकवादी एवं उनकी जुबान काटने की अशोभनीय एवं अनर्गल बातें कर रहे हैं, केंद्र सरकार ने संबंधितों पर कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इसका मुखर जवाब देगा। श्री राहुल गांधी ने महिलाओं को न्याय देने,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,पिछड़ा वर्ग एवं आमजन की खुशहाली एवं संविधान की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके परिवार की शहादत देने का इतिहास देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अभी तक रहा है इसमें पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता श्री जवाहरलाल नेहरू ,पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने अपने प्राणों को न्योछावर किया है। देश को बनाने का काम किया राहुल गांधी जी के प्रयासों किया जा रहा है। इस अवसर पर रीवा जिले के किसान न्याय यात्रा के संगठन प्रभारी पूर्व विधायक श्री सुनील सरार्फ, महापुर श्री अजय मिश्रा बाबा, जिला कांग्रेस कमेटी रीवा शहर एवं ग्रामीण के अध्यक्ष द्वय क्रमश: श्री लखन खंडेलवाल एवं श्री राजेंद्र शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री बृजभूषण शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती बबीता साकेत, पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल, पूर्व विधायक श्री राम गरीब वनवासी, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी द्वय श्री कुंवर सिंह व श्री गिरीश सिंह,पार्षद डॉक्टर विनोद शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण श्री रमाशंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बबीता साकेत सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833